दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 98 | जयपुर, रविवार, 17 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

जरूरी खबर

यासीन मलिक की पार्टी पर बढ़ाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट पर लगा बैन पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई के खिलाफ प्राप्त इनपुट के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है।

के. कविता सात दिन की ईडी हिरासत में

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें 23 मार्च तक की ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले ईडी ने कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में ईडी ने कहा कि पर्याप्त सबूत व गवाहों के बयान हैं। वहीं, बीआरएस कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध करार दिया और कहा, 'हम अदालत में इस मामले के खिलाफ लड़ेंगे।'

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदली: उधर चुनावी तिथियां घोषित हुईं... इधर बड़े पैमाने पर दल बदल

पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव समेत 10 नेता भाजपा में शामिल

■ पूर्व विधायक सुरेश टांक व अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर भाजपा में

बेधड़क। जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में कई वरिष्ठ नेताओं ने दल बदल लिया है। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

उधर, हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के कुछ नेताओं ने कांग्रेस जॉइन की है। इन नेताओं में कांग्रेस से पूर्व पुष्कर विधायक सुरेश टांक, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, भंवर सिंह पलाड़ा, सुशीला कंवर, नशामुक्ति आंदोलन से जुड़ी पूजा छाबड़ा और आरएलपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुखराज गर्ग और बजरंग सहारण ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की है।

पार्टी में आने वाले नेताओं का रहेगा पूरा सम्मान

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोगों को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का विश्वास है, जो 365 दिन में एक घंटा भी खुद पर नहीं लगाया, क्योंकि इस समय को उन्होंने देश की प्रगति में लगाया, अब तो सिटीजन अमेंडमेंट एक्ट लागू हो गया, आप अपने आप को शरणार्थी नहीं समझे, आपका राजनीति से पहले भी सम्मान है और इस पार्टी में भी सम्मान रहेगा। इस अवसर पर डॉ.करण यादव ने कहा कि 400 पार के सपने को पूरा करेंगे, 25 की 25 सीटें राजस्थान को देंगे। डॉ.करण सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता समझे, शरणार्थी नहीं समझे, मान-सम्मान दे और मान-सम्मान लें ऐसी आशा है।

इन नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

रालोपा के टिकट पर दो बार बायतु से चुनाव लड़ चुके उम्मेदाराम बेनीवाल और रिटायर्ड आरएएस अधिकारी जस्साराम चौधरी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण करवाई। मौके पर बायतु से कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी और मंत्री हेमाराम चौधरी भी मौजूद रहे।

इधर, डोटासरा बोले

बीजेपी डरा धमका कर करा रही जॉइन

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि हमारे यहां नेता खुद आ रहे हैं और उनके यहां वो डरा धमकाकर ले जा रहे हैं, ये फर्क है। उम्मेदाराम ने कांग्रेस जॉइन करने के बाद कहा कि शुरू से कांग्रेस विचार से जुड़ा हूं। कार्यकर्ताओं से राय लेकर काम कर रहा हूं। हनुमान बेनीवाल का साथ मिला है। किसानों के लिए कांग्रेस जॉइन की है।

18वीं लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

सात चरणों में चुनाव, 4 जून को रिजल्ट... आचार संहिता लागू

बेधड़क। जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार दोपहर 18वीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान कर दिया। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार नई सरकार के लिए वोटिंग 7 चरणों में होगी। वहीं, चुनाव के नतीजों का ऐलान 4 जून को होगा। चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में अचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों की भी घोषणा की। इससे पहले शुक्रवार को नव नियुक्ति निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने अपना कार्यभार संभाल लिया। चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमने 2 साल पहले से 18 वीं लोकसभा के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी थी।

तारीखवार चरण

चुनाव आयोग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार कुल 7 चरणों में वोटिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल , तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई , छठे चरण के लिए 25 और 1 जून के लिए सातवें चरण के लिए के लिए वोटिंग होगी। वहीं, 4 जून को चुनाव के नतीजों का ऐलान किया जाएगा।

पेज 07 भी देखें

■ राजस्थान में 19 व 26 अप्रैल को वोटिंग

■ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी घोषित

मतदान के सात चरण

पहला चरण 19 अप्रैल	दूसरा चरण 26 अप्रैल	तीसरा चरण 07 मई
चौथा चरण 13 मई	पांचवां चरण 20 मई	छठा चरण 25 मई
सातवां चरण 01 जून		

नतीजे 4 जून 2024

राजस्थान: प्रदेश में 25 सीटों के लिए 2 चरणों में होगी वोटिंग

राजस्थान की 25 लोकसभा सीट के लिए 2 चरणों में वोटिंग होगी। पहले चरण की 19 अप्रैल को व दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। राजस्थान की 25 लोकसभा सीट की मतगणना व रिजल्ट 4 जून को घोषित किया जाएगा। चुनाव आयोग के लोकसभा चुनाव का शेड्यूल जारी करने के साथ ही राजस्थान सहित पूरे देश में आचार संहिता लग गई है। राजस्थान में बागीदौर विधानसभा सीट पर 26 अप्रैल को उपचुनाव भी होगा। राजस्थान में कांग्रेस-भाजपा ने कमर कस ली है। अभी तक भाजपा ने राजस्थान में 15 लोकसभा उम्मीदवार तो कांग्रेस ने सिर्फ 10 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। 17वीं लोकसभा का सत्र 16 जून को खत्म हो रहा है। लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में कांग्रेस राजस्थान से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

प्रदेश में चुनाव का शेड्यूल

अधिसूचना जारी, नामांकन शुरू
- पहला चरण 20 मार्च, दूसरा चरण 28 मार्च
- नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन
- पहला चरण 27 मार्च, दूसरा चरण 4 अप्रैल

नामांकन पत्रों की जांच की तिथि
- पहला चरण 28 मार्च, दूसरा चरण 5 अप्रैल

नामांकन पत्र वापसी का अंतिम दिन
- पहला चरण 30 मार्च, दूसरा चरण 8 अप्रैल
- मतदान/वोटिंग - 19 अप्रेल व 26 अप्रेल
- मतगणना और रिजल्ट-4 जून

पहले चरण में 12 सीटों व दूसरे में 13 सीटों पर मतदान

पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में वोटिंग। इसी प्रकार दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधौपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां में वोटिंग होगी।

26 अप्रैल को होंगे बागीदौरा विधानसभा में उप चुनाव

राजस्थान में बागीदौरा विधानसभा पर उपचुनाव की डेट का एलान हो गया है। लोकसभा के दूसरे चरण के संग ही बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव भी होंगे। यानि की 26 अप्रैल को बागीदौरा सीट पर उपचुना व होगा। कांग्रेस के दिग्गज नेता महेंद्रजीत मालवीय के भाजपा में शामिल होने के बाद बागीदौरा विधानसभा की सीट खाली हुई है।

इस बार बढ़ी मतदाताओं की संख्या

निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। राजस्थान में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 32 लाख से अधिक हैं। इनमें शामिल 15 लाख 54 हजार से अधिक नए मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है।

तीसरी बार मिलेगा जनता का आशीर्वाद

देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी- NDA आम चुनाव में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पीएम मोदी ने चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का शुभारंभ हो गया है। हम सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

जताया पीएम मोदी का आभार

बॉलीवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल BJP में शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। जानी-मानी पार्श्व गायिका भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह तथा मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने इस अवसर पर कहा, 'मैं उस पार्टी में शामिल हो रही, जिसका सनातन से गहरा नाता रहा है। नरेंद्र मोदी को प्रणाम कि वो सही दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।'

8 हजार से ज्यादा गाने-भजन गा चुकीं

27 अक्टूबर 1954 को मुंबई में जन्मीं अनुराधा ने फिल्मों में धूम मचाने के बाद भजन गाना शुरू किया। 90 के दशक में उनकी गायकी चरम पर थी। इसकी शुरुआत उन्होंने 1973 में अमिताभ और जया की फिल्म अभिमान से की थी। कई फिल्मों के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिल चुके हैं।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

जघीना हत्याकांड में वांछित इनामी बदमाश सच्चू दबोचा

बेधड़क। जयपुर

पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स टीम ने शनिवार को भरतपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गैंगस्टर कुलदीप जघीना हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी गैंगस्टर सचिन उर्फ सच्चू पुत्र राजवीर सिंह जाट (21) निवासी लुलहारा थाना लखनपुर जिला भरतपुर को स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से दस्तयाब किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ ने राज्य में सक्रिय गिरोह एवं गैंगस्टर्स की धर पकड़ का अभियान छेड़ रखा है।

कुलदीप जघीना हत्याकांड में वांछित कुख्यात इनामी बदमाश सचिन उर्फ सच्चू के बारे में सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने सेमला व लुलहारा के बीच वाले बांध पर बदमाश को घेर कर पकड़ लिया। यह कुख्यात गैंगस्टर कुलदीप जघीना का साथी है। प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर कृपाल जघीना हत्याकांड के बाद आरोपी फरार चल रहा था।

आचार संहिता से ऐन पहले राजनीतिक नियुक्तियां

चौधरी को किसान बोर्ड और बाजौर को सैनिक कल्याण बोर्ड की कमान

- चुनाव से पहले भजनलाल सरकार में हुई 7 बड़ी राजनीतिक नियुक्तियां
- जसवंत विश्नोई को नियुक्ति मानी जा रही नाराजगी मिटाने की कोशिश
- सीआर चौधरी, प्रहलाद टाक, राजेंद्र नायक, बाजौर, भडाना व रामगोपाल सुथार को भी अहम पद

बेधड़क। जयपुर

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से ऐन पहले शनिवार को ही प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 7 बड़ी राजनीतिक नियुक्तियां की। आयोग, बोर्ड और निगमों में सात नेताओं को अध्यक्ष बनाया है।

राजनीतिक रूप से अहम माने जाने वाले किसान आयोग, देवनारायण बोर्ड, एससी वित्त निगम, सैनिक कल्याण समिति में बीजेपी नेताओं को अध्यक्ष बनाया है। इन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा देने के आदेश अलग से जारी होंगे।

ओमप्रकाश भड़ाना

जसवंत विश्नोई

प्रेम सिंह बाजौर

सीआर चौधरी

इन नेताओं को मिली नियुक्ति

नागौर से पूर्व बीजेपी सांसद सीआर चौधरी को राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष पद और जोधपुर से पूर्व बीजेपी सांसद जसवंत विश्नोई को जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई है। ओमप्रकाश भडाना को देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजौर को राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति में अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रहलाद टाक को यादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष बनाया है। राजेंद्र नायक को राजस्थान राज्य एससी वित्त निगम अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। राजेंद्र एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं। रामगोपाल सुथार को विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया। पश्चिमी राजस्थान में प्रभावशाली विश्नोई समाज से आने वाले जसवंत विश्नोई को राजनीतिक नियुक्ति देकर सियासी मैसेज देने के साथ उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया गया है।

छह बड़े वोट बैंक साधने का प्रयास

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक नियुक्तियां देकर बीजेपी सरकार ने बड़े वोट बैंक को मैसेज देकर साधने का प्रयास किया है। जाट, राजपूत, विश्नोई, गुर्जर, एससी, मूल ओबीसी को साधा गया है। किसान आयोग अध्यक्ष पद पर सीआर चौधरी को नियुक्ति देकर जाट वर्ग को मैसेज देने का प्रयास किया है। भडाना को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर गुर्जर समाज को साधने का प्रयास किया है। सैनिक कल्याण समिति में पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजौर को नियुक्ति देकर राजपूत समाज को मैसेज देने का प्रयास किया है। एससी वित्त विकास निगम के जरिए दलित वोटर्स, माटी कला बोर्ड और विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के जरिए मूल ओबीसी को मैसेज दिया गया है।

जरूरी खबर

अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लटकी तलवार

बेधड़क.जयपुर। प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों पर अब तलवार लटकी नजर आ रही है। प्रदेश सरकार की ओर से महात्मा गांधी स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके तहत कोटा से महात्मा गांधी स्कूलों को बंद करने की शुरुआत हो गई है। संयुक्त निदेशक महात्मा गांधी प्रकोष्ठ कार्यालय कोटा संभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में 19 स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव में अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

सीएम निवास पर बड़ी राजनीतिक अदावत का अंत

बेधड़क.जयपुर। मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार को एक बड़ी राजनीतिक अदावत का अंत हो गया। इसके तहत चित्तौड़गढ़ में सीपी जोशी और चंद्रभान आक्या आए एक जाजम पर आ गए। इसमें पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने अहम भूमिका निभाई। कृपलानी की मध्यस्थता के बाद सीपी जोशी और विधायक चंद्रभान आक्या के बीच सामंजस्य का भाव नजर आया। सीएम निवास पर हुई समझौता बैठक में सीएम भजनलाल के समक्ष चंद्रभान आक्या ने जोशी को बिना शर्त अपना समर्थन दिया। आक्या ने कहा कि वे अब से पूरी तरह भाजपा के साथ हैं।

नियंत्रण कक्ष व आचार संहिता प्रकोष्ठ का गठन

बेधड़क.जयपुर। लोकसभा आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर में नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत तथा आचार संहिता प्रकोष्ठ की स्थापना कमरा नंबर 116 कलेक्ट्रेट जयपुर में की गई है। वहीं एकल खिड़की प्रकोष्ठ की स्थापना कमरा नंबर 16 में की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत तथा आचार संहिता प्रकोष्ठ की प्रभारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर, शहर-पूर्व सुमन पंवार होंगी। प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 0141-2996593 तथा आचार संहिता प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 0141-2996592 है। प्रकोष्ठ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही प्रतिदिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में भाजपा नेताओं ने कहा...

डबल इंजन सरकार कर रही उम्मीदें पूरी, जीतेंगे सभी सीट

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही भाजपा चुनावी मोड में आ गई है। पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर जीत की रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर शनिवार शाम को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक हुई।

इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में भाजपा

2014 और 2019 के पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी पूरी 25 सीटें जीतेंगी। वहीं जीत का अंतर पिछले चुनाव के मुकाबले काफी ज्यादा रहेगा। इसका कारण यह है कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार आम जनता की उम्मीद को लगातार पूरा कर रही है। जो वादे करके हम सत्ता में आए थे, पहले दिन से ही वे पूरे होने लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता साल के 365 दिन महीने के 30 दिन और दिन के 24 घंटे पार्टी के लिए काम करते हैं। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता पिछले लंबे वक्त से मंडल, बूथ और शक्ति केंद्र तक मजबूती के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि, विश्वास है कि इस बार देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की सरकार बनेगी।

मेरी भूमिका शीर्ष नेतृत्व तय करेगा: राठौड़

कमेटी की बैठक के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे योद्धा बनाना है या फिर दरी बिछाने वाला कार्यकर्ता बनाना है, यह तो पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा। इस बात को मैं दावे से कह सकता हूं कि भाजपा इस बार 400 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगी। राठौड़ मीडिया की ओर से चुनाव लड़ने के पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। भाजपा नेता कोर कमेटी की बैठक के बाद प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

मैं अब भी पार्टी के लिए मैदान में: पूनियां

वहीं, लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि मैं अब भी पार्टी के लिए चुनावी मैदान में ही हूं। प्रत्याशियों के चयन के लिए पार्टी की एक प्रक्रिया है। उसके तहत ही पार्टी लोकसभा प्रत्याशियों का चयन करती है। जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। इस दौरान सतीश पूनियां ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी कोई गारंटी नहीं है। उनकी गारंटी तो चीन के खिलौने की तरह है, जो कभी भी बिखर सकते हैं। अब तो देश की जनता ने उनके परिवार को सिरे से खारिज कर दिया है।

95 लाख रुपए तक चुनाव में खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

इस बार लोकसभा चुनाव में भी मिलेगी होम वोटिंग सुविधा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में इस बार के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर ही लोकसभा में चुनाव होंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से विधानसभा चुनाव की तरह ही सभी व्यवस्थाएं लोकसभा चुनाव में अपनाई जाएगी। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए पहली बार लोकसभा आम चुनावों में होम वोटिंग की पहल की गई है।

पात्र 11 लाख से अधिक मतदाताओं को विकल्प के तौर पर ये सुविधा मिल सकेगी। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए योग्य मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। वहीं चुनाव में व्यापक सहभागिता और पारदर्शिता लाने के लिए विधानसभा चुनाव में उपयोग हुए आईटी एप्लिकेशन का उपयोग लोकसभा चुनाव में भी हो सकेगा। इसके तहत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप के जरिए उम्मदीवार के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसी तरह वोटर हैल्प लाइन ऐप, सक्षम ऐप और सुविधा पोर्टल के जरिए भी घर बैठे संबंधित सूचनाएं और सुविधाएं प्राप्त की जा सकती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र मतदाता सूची में उनके सीरीयल नम्बर, मतदान दिवस एवं समय आदि की सूचना क्यूआर कोड युक्त वोटर सूचना पर्ची मतदान दिवस से कम से कम 5 दिवस पूर्व वितरित कर दी जाएगी। प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में 4 अनुसूचित जाति, 3 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं, वहीं 18 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं।

विभिन्न एप से ली जा सकेगी चुनावी जानकारियां

रचनात्मक बूथ बनेंगे, होगी वेबकास्टिंग

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण मतदान केन्द्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित सभी मतदान केन्दों में अथवा सहायक मतदान केन्दों सहित कुल मतदान केन्द्रों के 50 फीसदी से ज्यादा 26 हजार मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। वहीं लैंगिक समानता और निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 1600 मतदान केन्द्र, दिव्यांगजन द्वारा कुल 200, युवाओं द्वारा संचालित कुल 1600 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

नामांकन से 10 दिन पहले तक जुड़ेंगे नाम

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया अभी भी जारी रहेगी। जिन लोगों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक पूरक सूचियां अपडेट की जाएंगी। मतदाताओं के पंजीकरण के लिए नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन ऐप और बीएलओ ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

6 लोस व 36 विधानसभा संवेदनशील

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार द्वारा चुनाव व्यय की सीमा 95 लाख रुपए है। लोकसभा चुनाव में सभी 25 सीटों पर केन्द्रीय पर्यवेक्षक व पर्यवेक्षक चुनाव प्रक्रिया तथा उम्मीदवारों के खर्चे पर नजर रखेंगे। आचार संहिता की पालना के लिए 4089 उडन दस्तों एवं स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि पूरे राज्य में 2019 उड़न दस्तों तथा 2070 स्थैतिक निगरानी दलों, आयकर विभाग, आबकारी विभाग, नारकोटिक्स विभाग, वाणिज्य कर विभाग के दल का गठन किया गया है। राज्य में 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को तथा 36 विधानसभा क्षेत्रों को संवेदनशील माना गया है। उड़न दस्ता दल प्रत्येक क्षेत्र में सतत काम करेंगे।

25 सीटों पर कमल खिलने का दावा

PM मोदी में कड़े फैसले लेने की क्षमता

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद राज्य में भाजपा पूरी तरह इलेक्शन मूड में आ गई है। इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने कांग्रेस के 60 साल के कामकाज के साथ पीएम मोदी की 10 साल के काम की तुलना करते हुए प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलने का दावा किया।

जोशी ने कहा कि मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं, जबकि कांग्रेस एक परिवार को अपना देश मानती है। उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके

से तैयार है। प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने के लिए मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी। जोशी ने कहा कि 50 साल के कालखंड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 सालों कालखंड की तुलना कर लीजिए, देश किस तरह से आगे बढ़ रहा है। युवा, किसान, गरीब, महिला हर क्षेत्र के लिए अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर हमने अपनी आंखों से बनते हुए देखा है।

धारा 370 हट गई जिसको लेकर कभी कहा करते थे कि यह कभी हो ही नहीं सकता। एक के बाद मजबूत और कड़े फैसले लेने की क्षमता किसी में है, तो पीएम मोदी में है। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि भाजपा एक बार फिर प्रदेश की 25 सीटों पर कमल खिला कर फिर से मोदी सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर जोशी ने कहा कि उन्हें देश के कानून पर भरोसा नहीं है।

आचार संहिता की पालना में कार्रवाई

कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों से हटाए पोस्टर-बैनर

चाकसू। देश मे लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होते ही विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संहिता लागु हो गई है। आदर्श आचार संहिता की पालना में निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देशों के चलते चाकसू विधानसभा क्षेत्र मे भी इधर-उधर, चौराहों व मुख्य मार्गो पर बिना किसी पूर्व स्वीकृति के बेतरतीब तरीके से लग रहे प्रत्याशियों के बैनर व पोस्टरों को हटाना शुरू कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम चाकसू शिवचरण शर्मा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी संदीप चौधरी ने क्षेत्र का अवलोकन कर सभी राजनीतिक दलों के लग रहे बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स एवं झंडे हटाने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। विभाग के कार्मिक इस कार्य मे जुट गए हैं। वहीं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शम्भू लाल मीणा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा ने भी कस्बे में पैदल घूमकर फ्लैग मार्च किया और कर्मचारियों को सभी सरकारी एवं निजी भवनों, विद्युत पोलों पर लग रहे सभी पोस्टरों को हटाने के निर्देश दिए। वहीं चाकसू थाना प्रभारी कैलाश दान ने शास्त्रधारियों को थाने में अपने शस्त्र जमा कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

खबरों में बेधड़क खबर

गैलेंट्री की फाइल पर ब्रेवो की नजर

राजधानी के चर्चित हत्याकांड के आरोपियों को दबोचने पर खाकी में क्रेडिट लेने के होड़ मची हुई है। एक ब्रेवो ने तो अपने गुट के इशारेबाजों को गैलेंट्री दिलाने का प्रलोभन तक दे डाला। हत्याकांड के आरोपियों का सुराग लगाने में लालकोठी वाले सात मंजिला भवन और एमआई रोड़ वाले भवन में बैठने वाले अफसरों की टीम ने बड़ी भूमिका निभाई थी। जिन पुलिसकर्मियों का बड़ा योगदान रहा था, उनमें से छह को गैलेंट्री देने की तैयारी है। जबकि अन्य को केवल सम्मानित कराने का प्लान है। सम्मानित होने वाले ब्रेवो के नजदीकी हैं। अब चर्चा है कि ब्रेवो व उसके इशारेबाज मिलकर खाकी के बड़े अफसरों की तैयार की गई फाइल को डंप कराने की रणनीति बना रहे है, लेकिन साहब की यह रणनीति फेल होती दिखाई दे रही है।

टाइगर तबादला सूची में फंसे

खाकी में तबादला सूचियों को लेकर अफसरो में तरह-तरह की चर्चा बनी हुई है। आखिर तबादले को लेकर किस के पास अपनी बात रखें। सबका एक ही सवाल आखिर सूची कहां से बन रही है? लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले मुखिया से मिले या सी-स्कीम स्थित प्रदेश के पॉवर सेंटर वाले भवन या फिर ब्यूरोक्रेट के मुखिया से। किसी को कोई हल नहीं मिल रहा। दो टाइगर के तो एक माह में तीसरी बार तबादले हो गए हैं। मेडम और साहब जोइन करके जिले में अफसरों से मुलाकात करते ही फिर उनका तबादला सूची में नाम आ जाता है। दोनों अफसरों को लेकर लालकोठी वाले खाकी के भवन में चर्चा है कि आखिर इनका बार-बार क्यों तबादला हो रहा है। दोनों साहब फिलहाल तबादलों के ही हिचकोले खा रहे हैं।

भू-माफिया व मसाज सेंटर से स्पेशल के अटैच

राजधानी की सबसे बड़ी कॉलोनी और अजमेर दिल्ली एक्सप्रेस-वे के दो थानों में तैनात स्पेशल के नाम से अल्फा-बीटा ने भू-माफियाओं और तस्करो के साथ अपना धंधा शुरू कर दिया। बीटा को तो तत्कालीन टाइगर ने लाइन भेज दिया था, लेकिन बीटा ने एक तत्कालीन गामा की मंथली सेट कर रखी थी। ऐसे में तत्कालीन गामा ने एक मामले में अधिकारियों के इशारे पर एक मामले में काम करके बीटा की फिर से पोस्टिंग करा दी। अब बीटा एक भू-माफिया के साथ मिलकर नाले की जमीनों पर कब्जे कराने में पूरी मदद कर रहा है तो एक्सप्रेस-वे के थाने में तैनात अल्फा स्पेशल ने मसाज सेंटरों व तस्करों के साथ मिलकर अपना नया बिजनेस शुरू कर दिया है। चर्चा है कि दोनों ने अल्फा-बीटा बड़े साहब के नाम से धमकी देकर अपने इलाको में हर दो नंबरी से मंथली सेट कर रखी है।

जॉइन करने के 4 घंटे बाद पीटर का तबादला

राजधानी में एक पीटर साहब का तबादला चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, पीटर साहब की पोस्टिंग राजधानी में ही थी, लेकिन उनका सर्किल बदला गया था। साहब रिलीव होकर जॉइन करने के लिए सर्किल भी पहुंच गए। साथ ही, उच्च अधिकारियों के पास एमआई रोड वाले भवन में पहुंचकर दुआ-सलाम भी कर ली, लेकिन साहब जब ऑफिस पहुंचे तो कुछ देर बाद ही तबादला सूची में फिर से उनका नाम आ गया। इसमें साहब को राजधानी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। चर्चा है कि साहब की कार्यशैली से राजधानी के कई अफसर खफा थे। ऐसे में उनका बाहर तबादला हो गया।

- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता

राजस्थान हाई कोर्ट का प्लेटिनम जुबली वर्ष

बीआर गवई बोले- नागरिकों के मौलिक अधिकारों में परिवर्तन संभव नहीं

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने अपना प्लेटिनम जुबली वर्ष मनाया। इस मौके पर राजस्थान हाईकोर्ट और राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी की ओर से 'भारत में संवैधानिक शासन' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

राज्य न्यायिक अकादमी में आयोजित सेमिनार में डॉ. बीआर अंबेडकर का सामाजिक आर्थिक न्याय का विचार और न्यायिक सक्रियता के माध्यम से सोशल इंजीनियरिंग को लेकर उद्बबोधन हुआ। सेमिनार के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश बीआर गवई और विशिष्ठ अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता के साथ अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी थे। सेमीनार में राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार से पहले राजस्थान हाईकोर्ट से न्यायिक अकादमी तक के मार्ग न्याय पथ का शुभारंभ किया। सेमीनार में राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश पंकज भंडारी, वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पुष्पेन्द्रसिंह भाटी सहित सभी न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर और जयपुर एसोसिएशन अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारी, बार काउंसिल के चैयरमेन सहित पदाधिकारी और सदस्य, हाईकोर्ट के अधिवक्ता, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी के सभी अधिकारी मौजूद रहें। सेमीनार में राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन के दिया। हाईकोर्ट प्लेटिनम जुबली के बारे में जानकारी देते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के इतिहास से अवगत करवाया। डॉ. बीआर अम्बेडकर के द्वारा बनाए संविधान पर प्रकाश डाला। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने संविधान के विषय और पहले लिए गए निर्णयों के बारे में प्रकाश डाला।

मौलिक अधिकारों की दी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश बीआर गवई ने सम्बोधित करते हुए संविधान के कई महत्वपूर्ण निर्णयों को लेकर कहा कि मौलिक अधिकारों में परिवर्तन संभव नहीं है। संविधान के आर्टिकल 13 और 31 के साथ मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व की जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट के अस्तित्व में आने से लेकर अब तक के कई महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में बताया। डॉ. अम्बेडकर की ओर से संविधान निर्माण में जो योगदान दिया उसको लेकर भी प्रकाश डाला गया।

संविधान में संशोधन करना आसान नहीं

समारोह को सम्बोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता ने खम्मा घणी और पधारो म्हारे देश से अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुए, न्याय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को लेकर संविधान में दिए गए पहलुओं की भी जानकारी दी। भारत के संविधान में संशोधन करना आसान नहीं है, लेकिन जब-जब संशोधन किया गया है तो जनहित की आवश्यकताओं को देखते हुए किया गया है।

जरूरी खबर

आश्वासन के बाद पानी की टंकी से उतरे युवा मित्र

जयपुर। सरकार से वार्ता में आश्वासन मिलने के बाद अपनी मांगों को लेकर चौबीस घंटे से अधिक समय से पानी की टंकी पर चढ़े राजीव गांधी युवा मित्र नीचे उतर गए। बता दें कि 71 दिन से धरना दे रहे युवा मित्र मांगे नहीं माने जाने से परेशान होकर शुक्रवार को जयपुरिया अस्पताल के पीछे पानी की टंकी पर चढ़ गए थे और आत्महत्या की चेतावनी दी थी। इसके बाद जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ मौके पर पहुंचे और 5 सदस्य मंत्रिमंडल से सरकार की वार्ता कार्रवाई। वार्ता में मिले आश्वासन के बाद युवा मित्र पानी की टंकी से नीचे उतरे। गौरतलब है कि पिछली सरकार के समय प्रदेश की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने के लिए युवा मित्रों को संविदा पर नौकरी दी गई थी। सरकार बदलते ही नई सरकार ने इन युवा मित्रों को बेरोजगार कर दिया।

साढ़े 4 घंटे में 254 वाहनों के चालान, 105 जब्त

जयपुर। राजस्थान परिवहन विभाग की ओर से अवैध वाहनों के खिलाफ चलाए गए विशेष जांच अभियान के तहत आगरा रोड हाईवे पर चार घंटे की चैकिंग के दौरान 254 वाहनों के चालान काटे गए। इसके साथ ही 105 वाहन जब्त किए गए और करीब 15 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। अभियान में आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा खुद चेकिंग के लिए निकली। उन्होंने जयपुर आरटीओ प्रथम राजेश चौहान और उनकी टीमों को लेकर परिवहन आगरा रोड हाईवे पर राजाधोक टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान वे दौसा तक पहुंची। इस दौरान आरटीओ प्रथम राजेश चौहान, एआरटीओ प्रकाश टहलियानी और डीटीओ प्रवर्तन रमेश पांडे ने 5 फ्लाइंग टीमों के साथ चेंकिंग की।

जीण माता मंदिर प्रांगण में चल रहे महायज्ञ में पहुंचे रेवासा धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती महाराज

परलोक जाने का 'टिकट' पाने के लिए धर्म में रुचि जरूरी

बेधड़क | जयपुर

जीण माता मंदिर प्रांगण में किए जा रहे महायज्ञ में शनिवार को रेवासा धाम के पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती महाराज पहुंचे। आयोजन कर्ता द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान राघवाचार्य वेदांती ने कहा कि व्यक्ति अपने धन को धर्म से दूर रखता है, जबकि धर्म में धन अर्जित करने से मनुष्य योनि में तो आप सफल होते ही हैं, साथ ही परलोक के लिए भी समर्थ हो जाते हैं। जिस प्रकार हवाई जहाज में बैठने के लिए टिकट जरूरी है, उसी प्रकार परलोक जाने के लिए धर्म में रुचि जरूरी है। इस प्रकार के आयोजन आने वाली पीढ़ियों को सही मार्ग की दिशा दे रही है। इस दौरान दो सहस्र चंडी महायज्ञ, तीन शत चंडी महायज्ञ, महा रुद्राभिषेक, श्रीसूक्त जप, देवी भागवत पाठ, वाल्मीकि रामायण पाठ, महामृत्युंजय मंत्र जप, सहित कई विशेष आयोजन हुए। गौरतलब है कि महायज्ञ में पंडित कैथोलिक आचार्य और 165 पंडितों की ओर से विधि-विधान से किया जा रहा है। महायज्ञ में माता के भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है।

पांच बिंदुओं पर सहमति के बाद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

आज से फिर चमकेंगी गलियां
सड़कों और घरों से उठेगा कचरा

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार से हुई वार्ता में 5 बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद राजधानी में सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। इसके साथ ही शनिवार शाम से सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए। ऐसे में रविवार सुबह से जयपुर में एक बार फिर से सफाई शुरू हो जाएगी और गलियों, सड़कों और घरों से कचरा उठने लग जाएगा। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर डीएलबी डायरेक्टर सुरेश कुमार ओला की मौजूदगी में नगर निगम अधिकारियों और सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें पांच अहम बिंदु संगठन की तरफ से रखे गए।

इन मांगों पर बनी सहमति

- वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- जिन अभ्यर्थियों के मामले कोर्ट में विचाराधीन है, उन पर सहानुभूतिपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने के लिए सरकार को पत्र लिखा जाएगा।
- चुनाव आचार संहिता की आड़ में सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं रोकी जाएगी। सरकार ने कहा है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, ऐसे में आचार संहिता का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
- मांग थी कि जिन अभ्यर्थियों ने नगर निगम या निकायों के अधिकारियों से अपने अनुभव प्रमाणित करवाए हैं, उनको बिना लॉटरी में शामिल किए प्रैक्टिकल में शामिल किया जाए। इस पर सरकार ने कहा कि हम भर्ती में वाल्मीकि/हैला समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देंगे।
- हड़ताल करने वाले किसी भी कर्मचारी पर नगर निगम की ओर से कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

11 मार्च को की थी सामूहिक अवकाश की घोषणा

बता दें कि 11 मार्च को जयपुर नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय पर संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने बैठक के बाद सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर जाने का ऐलान किया था। इन कर्मचारियों का कहना था कि प्रदेश में 24,797 पदों पर की जा रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती लॉटरी की जगह मस्टरोल से की जाए और जिन अभ्यर्थियों ने नगर निगम में काम किया है, उनको सफाई कर्मचारी भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा जिन अभ्यर्थियों के कोर्ट केस चल रहे हैं, उनको और वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाए। चुनाव आचार संहिता की आड़ में सफाई कर्मचारी भर्ती रोकी नहीं जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक जयपुर शहर समेत पूरे राजस्थान के सफाई कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर सफाई कार्य का बहिष्कार करेंगे।

बुरी तरह गड़बड़ा गई थी सफाई व्यवस्था

कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण जयपुर में सफाई व्यवस्था बिगड़ गई। राजधानी की सड़कों पर न तो सफाई हुई और न ही हूपर से घर-घर कचरा संग्रहण हुआ। इस कारण राजधानी में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। मुख्य बाजारों की सड़कों पर कचरा ही कचरा नजर आया। राजधानी की सभी कॉलोनियों का भी लगभग यही हाल हुआ था। हड़ताल की वजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

आंदोलन की आगामी रणनीति बनाई

आचार संहित लगने के बाद जन हक धरना स्थगित

बेधड़क| जयपुर

देश में चुनाव आचार संहिता लागू होने पर शनिवार को आंदोलन की आगे की रणनीति और जन प्रतिनिधियों की जवाबदेही पर चर्चा कर प्रस्ताव लिए जाने के साथ ही सूचना व रोजगार अधिकार अभियान राजस्थान की ओर से चल रहा जन हक धरने 12वें दिन स्थगित कर दिया गया। सूचना व रोजगार अधिकार अभियान राजस्थान की ओर से चल रहे धरने को 12 दिन हो गए जिसमें कई मुद्दों में कुछ सफलता हासिल हुई, लेकिन कई मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं।

शनिवार को इसकी आगे की रणनीति पर बात की गई। धरने की शुरुआत में ही भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई और उस पर बात भी कि कैसे इसे सपने से हकीकत में बदला जा सके। धरने में मजदूर किसान शक्ति संगठन की संस्थापक और आरटीआई व महात्मा गांधी नरेगा और कई आंदोलनों में प्रमुख भूमिका निभाने वाली निखिल डे ने कहा कि सरकार जन हितैषी कानून के नियम पास नही कर जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है और हम ये सभी मुद्दे आगामी लोकसभा चुनाव में जनता के बीच ले जायेंगे। साथ ही एक सशक्त जवाबदेही कानून की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस धरने के दौरान हम लगातार सरकार के अधिकारियों के पास जाते रहे और उनको अर्जियां देते रहे इसमें कुछ काम जरूर हुए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अख़बार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

आरोपी के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज

पेशी से भागा, घर पहुंचा तो खड़ी मिली पुलिस

मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

कोर्ट पेशी से पहले एक बदमाश पुलिसकर्मी को धक्का देकर नंगे पैर ही भाग गया। रास्ते से ऑटोरिक्शा कर घर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और कोर्ट में पेश किया। सदर थाने में पुलिसकर्मी ने आरोपी बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया- कोर्ट से भागने वाला बदमाश भानुप्रताप सिंह शेखावत (21) पुत्र अजीत सिंह शेखावत झालाना गांव मालवीय नगर का रहने वाला है। मोबाइल चोरी के मामले में 13 मार्च को जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने उसको अरेस्ट किया था। 14 मार्च को हैड कॉन्स्टेबल भुराराम और कॉन्स्टेबल अनिल कुमार कोर्ट में पेश करने के लिए अरेस्ट भानुप्रताप को लेकर गए थे। कोर्ट में पेश करने से पहले ही भानुप्रताप ने कॉन्स्टेबल अनिल कुमार का धक्का देकर हाथ छुड़वाया।

चप्पल उतरने पर नंगे पैर ही भाग निकला और कोर्ट से बाहर निकलते ही भानुप्रताप किराए पर ऑटोरिक्शा कर अपने घर के लिए निकल गया। पीछा करते हुए पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घर पहुंचने पर आरोपी भानुप्रताप को पकड़ लिया। पुलिसकर्मियों ने उसे डिटेन कर दोबारा कोर्ट में लाकर पेश किया। सदर थाने में पुलिस कस्टडी से भागने को लेकर हैड कॉन्स्टेबल भुराराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। आरोपी भानुप्रताप के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

इंश्योरेंस का एक करोड़ क्लेम उठाने के लिए किया फर्जीवाड़ा

पत्नी को कागजों में मारा, सत्यापन में जिंदा!

बेधड़क | जयपुर

एक कलयुगी पति के बीमा कंपनी से एक करोड़ रुपए का क्लेम उठाने के लिए अपनी पत्नी को ही मरा घोषित कर देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पत्नी डेथ सर्टिफिकेट बनवाकर क्लेम के लिए इंश्योरेंस कंपनी में फाइल भी लगा दी।

मामले की पड़ताल में यह झूठ पकड़ में आ गया। मामले का खुलासा होने के बाद जयपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने खुद की गलती मानते हुए नगर निगम को पत्र लिखा। अब सर्टिफिकेट को निरस्त कर दिया गया है। नगर निगम ग्रेटर के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) प्रदीप पारीक और उप रजिस्ट्रार लतेश गुप्ता ने बताया- पूरा मामला 4 अप्रैल 2023 का है।

गुरुग्राम के मानेसर के रहने वाले जतिन अपनी पत्नी सुशीला देवी को जयपुर में इलाज के लिए लाया था। जेएलएन मार्ग स्थित एसके सोनी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। इस हॉस्पिटल के स्टाफ से सांठ-गांठ कर सुशीला को इलाज के दौरान मृत बता दिया था। उसका 6 अप्रैल 2023 का डेथ रजिस्ट्रेशन पहचान पोर्टल पर करवा दिया था। इस रजिस्ट्रेशन के आधार पर 14 अप्रैल 2023 को सुशीला के पति जतिन ने नगर निगम ग्रेटर के मालवीय नगर जोन में आवेदन करके पत्नी का डेथ सर्टिफिकेट जारी करवा लिया था।

3 महीने बाद जतिन ने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में सुशीला की पॉलिसी का एक करोड़ रुपए का क्लेम उठाने के लिए आवेदन कर दिया। कंपनी ने पड़ताल की तो पता चला कि जिस महिला को डेथ बताकर क्लेम उठाया जा रहा है, वह जिंदा है। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों ने एसके सोनी हॉस्पिटल पहुंचकर पड़ताल की। मामले का खुलासा हो गया।

मामला खुलने के बाद हॉस्पिटल प्रशासन ने नगर निगम ग्रेटर को एक पत्र लिखा और निगम से जारी डेथ सर्टिफिकेट को निरस्त करने का आग्रह किया। इसके बाद मार्च 2024 में डेथ सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया।

अष्टान्हिका महापर्व आज से

आठ दिन तक स्वयं को इंद्र मानकर जिन मंदिरों में करते हैं पूजा

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म का अष्टान्हिका पर्व रविवार को मनाया जाएगा। यह पर्व 8 दिन तक मनाया जाने वाला पर्व है। नवें दिन हवन करने के साथ इस पर्व का समापन होता है। यह वर्ष में तीन बार कार्तिक, फाल्गुन एवं आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक मनाया जाता है।

सौधर्म इंद्र अपने इंद्र परिवार के साथ नंदीश्वर द्वीप जो आठवां द्वीप है, जिसमें अनादि, अनंतकालीन 52 अकृत्रिम, जो कि शाश्वत हैं एवं किसी के द्वारा निर्मित नहीं है, जिन चैत्यालय है में पूजन करके हर्षित होते हैं। इसी क्रम का अनुसरण करने की भावनानुरुप जैन समाज के लोग इंद्र की स्थापना करते हुए स्वयं को इंद्र मानकर, देवलोक जैसी शक्ति का आभास कर जिन मंदिरों में पूजा करते हैं। इस दौरान सिद्धों की आराधना करते हुए आठ दिनों का सिद्ध चक्र विधान मंडल का आयोजन करते हैं। सिद्धचक्र विधान में सिद्ध दशा प्रगट करने का विधान (उपाय) बतलाते हुए सिद्धों का गुणानुवाद किया गया है। सिद्ध चक्र विधान मंडल में प्रथम दिन 8, दूसरे दिन 16, तीसरे दिन 32, चौथे दिन 64, पंचम दिवस 128, छठे दिन 256, सातवे दिन 512 एवं आठवें दिन 1024 अष्ट द्रव्य के अर्ध समर्पित किए जाते हैं। इस तरह पर्व के इन दिनों में नंदीश्वर द्वीप की भी पूजा कर सकते हैं। अष्टान्हिका पर्व में सिद्धचक्र महामंडल विधान के आयोजन की शुरुआत मैना सुंदरी द्वारा अपने पति श्रीपाल के कुष्ठरोग निवारण के लिए की गई थी।

आकाशीय बिजली देखकर हुआ वैराग्य

कुछ समय बाद श्री पाल मैना सुन्दरी के साथ चम्पापुरी वापस आ गए। एक दिन श्रीपाल अपने महल के छत पर बैठे हुए थे। आकाश में बिजली चमकी, जिसे देखकर उन्हें वैराग्य हो गया। वे अपने पुत्र धनपाल को राज्य सौंपकर वन की ओर चले गए। उनके साथ 8000 रानियां तथा माता कुन्दप्रभा भी वन को प्रस्थान कर गईं। श्रीपाल ने मुनीश्वर के पास जाकर जिनदीक्षा धारण कर ली। उनके साथ 700 वीरों ने भी दीक्षा ले ली, माता कुन्दप्रभा व अन्य रानियों ने भी आर्यिका के व्रत ग्रहण किए।

सिद्धचक्र विधान मण्डल की महिमा

चम्पापुर के राजा अरिदमन और रानी कुन्दप्रभा के तेजस्वी पुत्र हुआ। उसका नाम श्रीपाल रखा गया। उसे एवं अन्य 700 वीरों को अचानक एक साथ कुष्ठ रोग हो गया। तब चाचा वीरदमन के कहने पर श्रीपाल 700 वीरों के साथ नगर से बहुत दूर उद्यान में जाकर निवास करने लगे। उधर, उज्जयनी नगरी के राजा पुहुपाल एवं रानी पद्मरानी के सुर सुंदरी एवं मैना सुंदरी नाम की दो पुत्रियों ने जन्म लिया। उनमें से सुर सुंदरी शैव गुरु से एवं मैना सुंदरी ने आर्यिका से धार्मिक अध्ययन किया था। पिता के पूछने पर सुर सुंदरी ने अपनी स्वेच्छानुसार हरिवाहन से विवाह स्वीकार कर लिया, परंतु मैना सुंदरी ने कहा है कि कुलीन एवं शीलवती कन्याएं अपने मुख से किसी अभीष्ट वर की याचना कदापि नहीं करती हैं। मैनासुन्दरी की विद्वतापूर्ण वार्ता को सुनकर राजा पुहुपाल तिलमिला गए। अपना अपमान समझा और उन्होंने क्रोध में आकर कोढ़ी राजा श्रीपाल से विवाह कर दिया। राजा श्रीपाल के कुष्ठ रोग को दूर करने के लिए मैनासुन्दरी ने गुरु के आशीर्वाद एवं विधि के अनुसार अष्टान्हिका पर्व में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन किया एवं अभिषेक के गंधोदक का सभी रोगियों के ऊपर छिड़काव किया, जिसके प्रभाव से श्रीपाल के साथ 700 वीरों का भी कुष्ठरोग ठीक हो गया था।

-भागचंद जैन मित्रपुरा, अध्यक्ष अ.भा जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर

जरूरी खबर

सरपंच ने की BDO से मारपीट, मोबाइल भी तोड़ा

दौसा। जिले के सिकराय में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं होने से नाराज ठिकरिया सरपंच कमलेश मीना ने शनिवार को पंचायत समिति बीडीओ बाबूलाल मीना के साथ मारपीट कर दी। सरपंच ने बीडीओ का मोबाइल भी तोड़ दिया और सरकारी कागजात भी फाड़ दिए। इस घटनाक्रम का वीडियो ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज में सरपंच और उसके साथ मौजूद व्यक्ति बीडीओ के साथ हाथापाई करता हुआ नजर आ रहा है।

मोहब्बत में अपने ही भाई की गला घोंटकर हत्या

झुंझुनू। जिले में प्रेम-प्रसंग में कत्ल का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स को अपने छोटे भाई की पत्नी से प्यार हो गया। प्रेमिका का पति जब इसमें बाधा बनने लगा तो प्रेमी जेठ ने अपने भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या की यह वारदात करीब 12 दिन पहले नवलगढ़ थाना इलाके में की है। पुलिस ने अब इसका खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक मृतक के मामा का लड़का है। आरोपी का हत्या के शिकार हुए युवक की पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। नवलगढ़ थानाधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि इस मामले में कमल कुमार मेघवाल (41) निवासी पुरोहित का बास तन बाय को गिरफ्तार किया गया है।

कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर में जांचें की मुफ्त

चाकसू। राजपूत सभा भवन चाकसू में शनिवार को निशुल्क केंसर जांच एवं परामर्श शिविर सभा के केन्द्रीय अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई के निर्देशन किया गया। शिविर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, कैंसर केयर सहयोग से मैमोग्राफी, पेप स्मीयर टेस्ट, एक्स-रे, सीए 125, पीएसए और ब्लड जांच निशुल्क की गई। इस दौरान समाजसेवी दमयंती सोलंकी, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सरोज चौहान व कैलाश चंद अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इनका माला और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री राजपूत सभा चाकसू के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गरूडवासी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गर्मियों की शुरुआत से पहले पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने दिए निर्देश

आमजन को जल संकट से बचाने के लिए सरकार ने कसी कमर

बेधड़क | अजमेर

गर्मी का सीजन नजदीक आते ही जिले में पेयजल समस्या बाहें फैलाने लगी है। इसे देखते हुए जलदाय विभाग ने शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को सुधारने की कवायद शुरू कर दी है।

विधायक सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी जलदाय विभाग को समय रहते पेयजल संकट से बचाव की योजना बनाकर काम करने के निर्देश जलदाय विभाग को दिए हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के निर्देश के बाद विभाग सक्रिय हो गया है। अजमेर जलदाय विभाग में अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी ने बताया कि विभाग ने

पानी की उपलब्धता की व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में अजमेर शहर में 1300 लाख लीटर प्रतिदिन की मांग है। बीसलपुर परियोजना से एसआर 7 पर 1300 लाख लीटर पानी प्रतिदिन आता है। आगे से पानी के व्यर्थ बहने पर भी रोक लगाई जाएगी। सोलंकी ने कहा कि अधिकांश घरेलू उपभोक्ताओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठान जैसे होटल में अंडरग्राउंड टैंक बने हुए हैं और पीवी के अथवा सीमेंट के ओवरहेड टंकिया लगा रखी है। सप्लाई समय में इन टंकियां से पानी ओवरफ्लो होकर नालियों में बह जाता है। होली के बाद अभियान चला कर ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जाएगा और उन्हें नोटिस भी दिया जाएगा, ताकि टैंक या टंकियां पर फ्लोट वाल्व लगाया जाना सुनिश्चित किया जा सके। नोटिस के बाद भी फ्लोट वॉल्व नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटे जाएंगे और सरकारी पानी को व्यर्थ बहाने के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

अब मोबाइल ऐप पर मिलेगी सूचना

अतिरिक्त मुख्य अभियंता सोलंकी कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही उनके सप्लाई जोन के सर्विस रिजर्वायर के लेवल की सूचना अब मोबाइल ऐप पर उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए स्मार्ट सिटी योजना में लगे स्कोडा सिस्टम को जयपुर जलधारा कमांड सेंटर से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। बिलिंग एजेंसी के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर लेकर उपभोक्ता की यूनिक (सी. आई.एन.) के साथ इंटीग्रेटेड किया जाएगा और सप्लाई समय की जानकारी एसएमएस के माध्यम से उपभोक्ता को दी जाएगी। सप्लाई जोन का चिन्हीकरण करने के बाद 25 मार्च को धूलंडी के दिन चिन्हित जोन में दोपहर 1 से 3 बजे तक 15 से 20 मिनट तक अतिरिक्त सप्लाई दी जाएगी।

लीकेज की सूचना कंट्रोल रूम पर दें

सोलंकी ने बताया कि अवैध बूस्टर और अवैध जल कनेक्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई होगी. उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पाइपलाइन में यदि लीकेज है तो इसकी सूचना विभाग के कंट्रोल रूम में दे. विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि लीकेज की सूचना प्राप्त होते ही उसे पर तुरंत कार्रवाई करें।

सांसद जसकौर ने किया दौसा-गंगापुरसिटी रेल सेवा का शुभारंभ

इंतजार खत्म... प्रदेश की सबसे लंबी सुरंग में अब दौड़ेगी डेमू ट्रेन

बेधड़क | दौसा

दौसा से गंगापुर ट्रेन का सफर आखिरकार 26 सालों के लंबे इंतजार के बाद शनिवार को पूरा हो गया है। रेलवे लाइन का कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को दौसा सांसद जसकौर मीना और डीआरएम विकास पुरवार ने डेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर गंगापुरसिटी के लिए रवाना किया। इसके साथ ही अब तक सूनी पड़ी पटरियों पर ट्रैन दौड़ पड़ी। ट्रेन की सिटी सुनकर लोगों में खुशी की लहर फैल गई।

दौसा से रवाना हुई रेल 2 बजे गंगापुर सिटी पहुंची। वहीं दौसा-गंगापुरसिटी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद जिलेवासियों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह है। गौरतलब है कि प्रदेश की सबसे लंबी सुरंग का निर्माण जिले के डीडवाना से इंदावा तक हुआ है। इसकी लंबाई 2150 मीटर है। इस सुरंग से होकर शनिवार से ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है। शहरवासियों का कहना है कि पहले रात में अक्सर दौसा से लालसोट, गंगापुर, कोटा जाने के लिए लोगों को साधन नहीं मिलते थे। इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब दौसा-गंगापुरसिटी रेलवे लाइन पर ट्रेन का संचालन शुरू होने से जिलेवासियों को काफी राहत मिलेगी। वहीं 5 घंटे का सफर 3 घंटे में आसानी से पूरा हो जाएगा। ऐसे में लोगों को आर्थिक बचत होगी। दौसा-गंगापुरसिटी ट्रैक पर ट्रेन दौड़ने से उत्साहित पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा ने कहा कि 26 साल के लंबे इंतजार के बाद दौसा से गंगापुर ट्रेन का संचालन शुरू हुआ है।

जिलेवासियों की बढ़ेगी सुविधा

दौसा सांसद जसकौर मीना ने कहा कि इस रेल सेवा के शुरू होने से जिलेवासियों की सुविधा बढ़ेगी। उन्हें आवगमन में अब तक हो रही परेशानी से छुटकारा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि आज मैं दौसा से गंगापुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रही हूं। ऐसे में मेरे राजनीति के अंतिम काल में भी वहीं काम हुआ, जो अटलजी के राज में हुआ। इस दौरान उन्होंने ट्रेन संचालन को लेकर दौसावासियों को शुभकामनाएं दी। वहीं डीआरएम विकास पुरवार ने बताया कि एक डेमू ट्रेन को दौसा से गंगापुरसिटी के लिए 11:15 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

आगामी दिनों में अन्य ट्रेनों का भी होगा संचालन

डीआरएम विकास पुरवार ने बताया कि फिलहाल इस रूट के लिए हमने डेमू ट्रेन प्लान कर ली है। ऐसे में अजमेर और जयपुर के बीच जो डेमू ट्रेन चलती थी। उसी सर्विस को हमने गंगापुर से जोड़ा है। आगामी दिनों में जरूरत के हिसाब से अन्य ट्रेनों का भी संचालन शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 1996-97 में हुई थी। उस समय इस प्रोजेक्ट की सेंक्शन रेट करीब 210 करोड़ थी। वहीं 2003 में यहां निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। अब यहां से रेल सेवाओं को शुरू कर दिया गया है।

सप्ताह में 6 दिन होगा ट्रेनों का संचालन

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन रेल सेवा का दौसा से गंगापुर सिटी स्टेशन तक विस्तार होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार अजमेर-गंगापुर वाया दौसा डेमू रेल सेवा 7 बजे अजमेर से रवाना होकर 11:05 बजे दौसा पहुंचेगी। वहीं दोपहर 2 बजे गंगापुर पहुंचेगी। साथ ही वापसी में डेमू ट्रेन 3 बजे गंगापुर सिटी से रवाना होकर शाम 5:35 बजे दौसा पहुंचेगी और इसके बाद जयपुर होते हुए सवा 11 बजे अजमेर पहुंचेगी।

पैर फिसला और जिंदगी डूबी

बकरी चराने गए दो भाइयों की तालाब में डूबने से मौत



बेधड़क | दौसा

जिले में बकरी चराने गए दो भाइयों की खेत में बने तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना दौसा के लालसोट इलाके के चांदसेन ग्राम पंचायत में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक बच्चों के चाचा हेमराज ने बताया कि गांव की खारड़ा ढाणी में सिंचाई करने के लिए एक भूमि पर तालाब खोद रखा है। दोपहर को उसके भाई लल्लू के बेटे अंकित (12) और कार्तिक (10) बकरियां चराने के गए थे। तालाब की तारबंदी नहीं होने के कारण दोनों बच्चों के पैर फिसल गया और दोनों पानी में गिर गए। शाम होने पर जब बकरियां और दोनों बच्चे नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की।

घर से कुछ दूरी पर बने तालाब के पानी में दोनों बच्चों की चप्पल तैरती हुई मिली। इसके बाद दोनों बच्चों को तालाब में तलाश शुरू कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही लालसोट पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाल कर जिला हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल हो गया। दोनों बच्चों की मां को बेसुध हालत में जिला हास्पिटल पहुंचाया।

श्रद्धालु 21 घंटे में पहुंचेंगे बाबा के दरबार

खाटूधाम की डाक निशान पदयात्रा रवाना

बेधड़क | चाकसू

नीलकंठ रोड़ स्थित नव निर्माणाधीन श्रीश्याम मंदिर से शनिवार को 19वीं डाक निशान यात्रा खाटू धाम के लिए रवाना हुई। श्री श्याम निशान संघ परिवार के सदस्य एडवोकेट अमित बाहेती ने बताया कि श्रद्धालुओं का जत्था शाम 4.15 बजे निशान लेकर खाटू के लिए रवाना हुआ।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा नें विधिवत पूजन आरती कर पद यात्रा को रवाना किया। खाटू श्याम धाम के श्याम की सेवा हाजरी में भक्तों ने हाथों में निशान

लेकर नाचते हुए जब कस्बे से होकर निकले तो माहौल श्याम प्रभु के जयकारों से गुजायमान हो उठा। डाक यात्रा चाकसू से रवाना होकर सांगानेर, सीकर रोड़ से रींगस होती हुई 21 घंटे में खाटू श्यामजी पहुंचेगी। इस अवसर पर भाजपा पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, सत्यनारायण गर्ग, ओमप्रकाश डंगायच, भाजपा नेत्री भारती स्वामी, घनश्याम मानक बोहरा, विवेक अग्रवाल, सोनू बजाज, विक्रम साहू, महेंद्र माहेश्वरी, मनोज अग्रवाल, महेंद्र कुमावत, मुकेश घीया, देवी सिंह गोगावत, देवेंद्र चंदेल, अनिल अग्रवाल, उमेश तिवारी, विवेक बडेरा, सुरेश यादव, हेमराज गुर्जर, नमित सांखला, राजू सैनी ने आरती कर डाक निशान यात्रा को रवाना किया।

कस्टम हायरिंग योजना के अंतर्गत दी किसानों को सौगात

ट्रैक्टर व कृषि उपकरण पाकर खिले चेहरे

बेधड़क | चाकसू

राज्य सरकार की कृषक विकास एवं समृद्ध अवधारणा के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना के तहत शनिवार को दी जयपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक शाखा के सहयोग से ग्राम समितियों में ट्रैक्टर वितरण समारोह आयोजित किया गया। चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में चंदलाई, टूमली का वास, बाड़ा पदमपुरा, शिवदासपुरा क्षेत्र के कृषको को ट्रैक्टर सहित विभिन्न कृषि उपकरणों की सौगात दी

गई। इस दौरान ट्रैक्टर एवं विभिन्न कृषि उपकरण पाकर किसानों की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। हर समिति को आठ-आठ लाख रुपए की ग्रांट भी दी गई। विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार निरंतर किसानों के लिए नई नई योजनाएं लाकर राहत प्रदान कर रही है। इसी के तहत किसानों को फसल बुवाई से लेकर कटाई तक ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों के लिए कस्टम हायरिंग योजना भी संचालित कर रही। इसके जरिए उन्हें बहुत सस्ते रेट में कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध करवाए जा रहें हैं। बता दे कस्टम हायरिंग केन्द्रों को कृषि विभाग द्वारा सहकारिता के माध्यम से कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 8 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता के रूप में अनुदान दिया जाता हैं। इन केंद्रों पर ट्रैक्टर, थ्रेशर, रोटावेटर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल जैसे उन्नत कृषि यंत्रों की खरीद की जाती है। किसान केन्द्रों से जरूरत के कृषि यंत्रों को किराये पर लेकर खेती में इस्तेमाल कर सकते हैं। इस मौके पर सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सरपंच, बैंक शाखा के अधिकारी-कर्मचारी और किसान भाई उपस्थिति रहें।

खेजडी, कैर कुमठिया व अन्य पौधों पर होगी रिसर्च

विदेशियों को लुभा रही धोरों की वनस्पति, फॉस की टीम कर रही शोध

बेधड़क | जोधपुर

राजस्थान के रेगिस्तान की वन स्पतियां अब विदेशियों को भी लुभाने लगी हैं। इनकी खासियत जानकर विदेशी शोधकर्ता अचंभित हो रहे हैं। इन वनस्पतियों पर शोध करने और इसकी खेती का तरीका जानने के लिए विदेशी छात्र शोध करने के लिए जोधपुर आए हुए हैं।

ये छात्र न केवल परम्परागत तरीके से खेती करना सीखेंगे, बल्कि इन वस्पतियों के सरंक्षण के उपाय भी बताएंगे। दरअसल थार के रेगिस्तान में वनस्पति के संरक्षण और यहां से लोगों का पलायन रोकने के लिए एक नवचार किया जा रहा है। गैर सरकारी संगठन संभली ट्रस्ट के सहयोग से फ्रांस के पुरपान स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल

इंजीनियरिंग के छात्र और शिक्षक मिलकर खेती कर रहे हैं। इसमें थार की परंपरागत वनस्पति जैसे खेजडी, कैर कुमठिया व अन्य शामिल हैं।

यह ऐसी वनस्पति है, जिसके पौधे खेत में लगे रहते हैं। इनके साथ दूसरी खेती भी हो सकती है। संभली ट्रस्ट के संस्थापक गोविंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में 1600 वर्ग मीटर के खेत में यह काम शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष हमारे पास दो इंटर्न आए थे, जिन्होंने यहां रूक कर शोध किया था। इसमें बताया गया था कि रेगिस्तान की पारंपरिक वनस्पति लगातार कम होती जा रही है। इससे जैव विविधता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का रोजगार कम होने से वे पलायन करने लगे हैं। इसे रोकने के लिए यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके माध्यम से हम ग्रामीणों को यह बताना चाहते हैं कि हमारी परपंरागत वनस्पति की खेती कितनी फायदेमंद है।

खेती के परंपरागत तरिकों पर कर रहे काम

गोविंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में फ्रांस से आए इंटर्न लियो बिन्सन, कैमिल जूलौद, कैपुसिन आरेंट्स, अलिक्स लेमेर्ले और उनके साथ एक फ्रांसीसी इतिहास और भूगोल के शिक्षक टॉम रेव भी शामिल हैं। ये सब मिलकर खेत के परंपरागत तरीकों पर काम कर रहे हैं। यहां 1600 वर्ग मीटर में हमारी थार की वनस्पति लगाने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय किसानों को उनके खेतों पर पेड़ लगाए रखने के लिए भी प्रोत्साहित करना है, क्योंकि हमारी वनस्पति के पेड़ पौधे भी हमारे लिए बहुत अहम है। यह भी बताने का प्रयास किया जाएगा कि ऐसे कामों में कीटनाशक का खर्च नहीं होता है। यह प्रोजेक्ट जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, जैव विविधता की रक्षा करने, और स्वस्थ्य मिट्टी को बढावा देने में कारगर होगा।

विशेषज्ञों का भी ले रहे सहयोग

जोधपुर से करीब 100 किमी दूर सेतरावा गांव में चल रहे इस प्रोजेक्ट के लिए संभली ट्रस्ट ने कृषि कार्यों से जुडी संस्थाएं काजरी, आफरी व कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से भी सहयोग लिया है। थार के परंपरागत पेड़ पौधों में फिलहाल खेजड़ी, कैर व कुमठिया पर फोकस किया गया है। इनका संरक्षण सफल हुआ तो यह ग्रामीणों को रोजगार व आर्थिक संबल देने वाली वनस्पति हैं। तीन से चार माह के प्रोजेक्ट के बाद इसका रिव्यू किया जाएगा। धीरे-धीरे अन्य क्षेत्रों में इसे बढावा देकर ग्रामीणों को फिर से अपनी परंपरागत वनस्पति के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

घट रही थार की जीवनदायिनी खेजड़ी

संभली ट्रस्ट के संस्थापक गोविंद सिंह ने बताया कि खेजड़ी थार की जीवनदायिनी है। इसे राज्य वृक्ष का भी दर्जा दिया गया है, लेकिन विगत समय से लगातार खेतों में इसकी कटाई होने संख्या घट रही है। यह वृक्ष पशुओं के लिए हरा चारा व सूखा चारा दोनों देता है। इसका फल सांगरी सब्जी के रूप में काम में लिया जाता है। सूखी हुई सांगरी की सब्जी तो पूरे देश में प्रसिद्ध है। सूखी हुई सांगरी के साथ कैर व कुमठिया का उपयोग होता है। सूखी हुई सांगरी बाजार में 1 हजार से 1500 रुपए किलो मिलती है, जबकि कैर व कुमठिया क्वालिटी के हिसाब से तीन हजार रुपए किलो तक बिकते हैं।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट में 'एलायंस फॉर हैप्पीनेस इन एकेडमिक' पर राउंड टेबल

समझी हैप्पीनेस के जरिए खुशहाल शैक्षणिक जीवन की अवधारणा

बेधड़क | जयपुर

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की ओर से शनिवार को शैक्षणिक संस्थानों में हैप्पीनेस और कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए 'एलायंस फॉर हैप्पीनेस इन एकेडमिक' पर पहली राउंड टेबल का आयोजन किया। राउंड टेबल में मुख्य अतिथि हैप्पीट्यूड के संस्थापक करण बहल और विशिष्ट अतिथि सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल और जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष श्रीवत्स जयपुरिया थे। नो थायसेल्फ हैप्पी के संस्थापक प्रो. आर्य मुख्य वक्ता थे। श्रीवत्स जयपुरिया ने न केवल भौतिक पहलुओं बल्कि शारीरिक और भावनात्मक कल्याण पर भी विचार करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खुशहाल छात्रों को बढ़ावा देने के लिए जयपुरिया की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

करण बहल ने कहा कि जब हर कोई खुश होता है, तो जीवन सकारात्मक रूप से विस्तारित होता है। निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने बताया कि जयपुरिया ने अपने विभिन्न हितधारकों के बीच हैप्पीनेस की संस्कृति का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। उन्होंने समाज के संपूर्ण कल्याण के लिए संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और परामर्शों को साझा किया। यह कार्यक्रम दो ज्ञानवर्धक पैनल चर्चाओं के साथ शुरू हुआ।

पहले पैनल, 'शिक्षण हैप्पीनेस क्यों और कैसे' में आशीष पांडे, प्रोफेसर, आईआईटी बॉम्बे सहित प्रतिष्ठित वक्ता शामिल थे। परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश, एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर के कुलपति डॉ. अमित जैन, कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, मेजर जनरल रोहित बख्शी और आईएसआईएम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. काव्या सैनी ने अपने विचार रखे। प्रो. आशीष ने हैप्पीनेस के लिए अपने पंचकोश दृष्टिकोण के माध्यम से समृद्ध जीवन की अवधारणा को समझाया।

खुशहाली के तंत्रिका विज्ञान पर हुई चर्चा

दूसरे पैनल में 'कार्यकारी उत्कृष्टता के लिए हैप्पीनेस' विषय पर पैनल डिस्कशन में बिजनेस कोच अनुराग गुप्ता, 'हैप्पीनेस एट वर्क' के लेखक आर. आनंद, विवेक शर्मा और अनुराग विजय शामिल हुए। कार्यक्रम में वैदिक चिकित्सक कविता खंडेलवाल, हैप्पीनेस लाइफ कोच करण बहल व अनिल परचानी ने हैप्पीनेस के लिए सचेत प्रथाओं की वकालत की। डॉ. प्रभात पंकज ने हैप्पीनेस के तंत्रिका विज्ञान पर चर्चा की। उन्होंने परिवर्तनकारी ज्ञान के साथ उपस्थित लोगों को सशक्त बनाते हुए अपनी विशेषज्ञता साझा की। राउंड टेबल का संचालन डॉ. दानेश्वर शर्मा एवं डॉ. निरंजन राजपुरोहित ने किया।

Yuva स्टोरीज

'विविधा' में दिखाई मीडिया क्रिएटिविटी

बेधड़क | नई दिल्ली।

आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के दो दिवसीय एनुअल मीडिया फेस्ट 'विविधा' के आखिरी दिन शनिवार को एड मेड समेत फोटोग्राफी, ओपन माइक, कैरिकेचर डिजाइनिंग, फिल्म मेकिंग व आरजे हंट जैसे मीडिया संबंधी कई कॉम्पिटिशन्स हुए। इनमें शहर के 20 कॉलेजों से करीब 170 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने रचनात्मक और रोमांच से लबरेज इन कॉम्पिटिशन्स में अपनी क्रिएटिविटी और टैलेंट का भरपूर प्रदर्शन कर प्रशंसा बटोरी और जजिंग पैनेलिस्ट को इम्प्रेस किया। विनर्स को सम्मानित भी किया गया। जज पैनल में नामी बिजनेस कोच व स्टार्टअप मेंटर विक्रम शर्मा समेत आरजे कार्तिक शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को परखा। कार्यक्रम में आईआईएस यूनिवर्सिटी के काउंसलर प्रो.केएस शर्मा, कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान की डीन इला जोशी, स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज और विभाग की काउंसलर शिप्रा माथुर आदि मौजूद रहीं। समारोह के अंत में प्रो. अदिति पारीक ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

धर्मपाल प्रजापत को मिली विद्यावारिधि उपाधि

जयपुर। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के व्याकरण विभाग के असिस्टेन्ट प्रोफेसर धर्मपाल प्रजापत को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति कुलाध्यक्ष द्रौपदी मुर्मू, कुलाधिपति केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री निवास वरखेड़ी ने विद्यावारिधि (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। विराटनगर निवासी धर्मपाल प्रजापत ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के जयपुर परिसर से प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय के मार्ग निर्देशन में 'पाणिनीय व्याकरण के नियम्यनियामक सूत्रों के मध्यगामी स्वरूप का विमर्श' पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। डॉ. धर्मपाल ने विद्या वारिधि मिलने पर गुरूजनों, माता-पिता व मित्रों का आभार जताया।

छात्राओं ने समझी उद्योग की कार्यप्रणाली

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय की ओर से ब्लॉक प्रिंट कम्पनी एवं आरआर फ्रैबिक, सांगानेर में कम्पनी की कार्यप्रणाली से अवगत करवाने एवं ब्लॉक प्रिंट की तकनीक को समझने के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल एवं उप-प्राचार्य (वाणिज्य) डॉ. सुनीता माथुर के मार्गदर्शन में यह गतिविधि आयोजित की गई। इस भ्रमण में कर्मचारियों ने छात्राओं को ब्लॉक प्रिंट की बारीकियों व एक्सपोर्ट की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। प्राध्यापिकाएं डॉ. दमयंती सोढ़ा, डॉ. साक्षी शर्मा एवं डॉ. सुरभि माथुर के साथ वाणिज्य संकाय की 37 छात्राओं ने इस भ्रमण में भाग लिया।

एमएनआईटी का 17वां दीक्षांत समारोह

मिली सुनहरे भविष्य की डिग्री, मेडल लाए खुशियां

बेधड़क | जयपुर

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का 17वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान परिसर स्थित ओपन एयर थियेटर में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी ने संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने संबोधित किया।

प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि दीक्षांत समारोह स्नातक विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों को मनाने का अवसर है। उन्होंने माता-पिता, शिक्षकों और शिक्षक सदस्यों के अथक प्रयासों और निरंतर समर्पण को स्वीकार किया, जिन्होंने स्नातकों के व्यक्तित्व को गढ़ने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने आग्रह किया कि तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नए युग की तकनीकें शामिल हैं, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एमएनआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों की आवश्यकता अहम है। उन्होंने स्नातक विद्यार्थियों को अपना रास्ता बनाने, बड़े सपने देखने और चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्नातक विद्यार्थियों को बधाई देते हुए स्वामी विवेकानंद के शब्दों को उद्धृत किया "जहां तक तुम्हारा विचार जाता है वहां तक जाने का और उसे अपने जीवन में उतारने का साहस करो"।

निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) को लागू करने के लिए कई पहल की हैं। एनआईआरएफ (NIRF) ने एमएनआईटी को सभी एनआईटी में छठे और देश के सभी इंजीनियरिंग संस्थानों में 37वें स्थान पर रखा है। पहली बार, एमएनआईटी जयपुर ने अंतर्राष्ट्रीय टाइम्स (TIMES) रैंकिंग में भाग लिया और इसे 600-800 रैंक ब्रैकेट में रखा गया है। स्नातकोत्तर अध्ययन के दूसरे सेमेस्टर के पूरा होने के बाद पीएचडी में एम.टेक/एम.प्लान में पीएचडी प्रवेश की पहल इस वर्ष शुरू की गई है।

एमएनआईटी के विद्यार्थियों को हाल ही में ऐडवर्ब, एयरटेल, अमेजन, एप्पल, बजाज, फ्लिपकार्ट, गोल्डमैन साच्स, हीरो मोटोकॉर्प, एक्सपीडिया आदि में प्लेसमेंट मिला है। पिछले साल 1040 प्लेसमेंट संस्थान से हुए हैं। अब तक, संस्थान ने कुल 124 पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जिनमें से 42 पेटेंट पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही संस्थान ने पिछले वर्ष शुरू किए गए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार के अलावा सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार देना शुरू कर दिया है।

1475 को मिली उपाधि, 26 को गोल्ड मेडल

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के 9 स्नातक विद्यार्थियों और 17 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अपने-अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। 13 महिला विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया। साथ ही, वर्ष 2022-23 के लिए कुल 781 स्नातक प्रौद्योगिकी, 57 स्नातक वास्तुकला, 387 स्नातकोत्तर प्रौद्योगिकी और 23 स्नातकोत्तर नियोजन उपाधियां प्रदान की गईं। 92 विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित में एमएससी उपाधियां और 32 विद्यार्थियों को एमबीए उपाधियां प्रदान की गई। 103 शोधार्थियों को दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधियां मिलीं। संस्थान ने कुल 1475 उपाधियां प्रदान कीं, जिनमें से 838 स्नातक, 534 स्नातकोत्तर और 103 डॉक्टरेट उपाधियां शामिल हैं। प्रदान की गई सभी उपाधियों में से 396 उपाधियां महिला विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

SKIT में संपन्न हुआ 'प्रवाह'

स्टूडेंट्स को मिले प्रतिभा के अवॉर्ड

बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान का पांच दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'प्रवाह' कॉलेज के वार्षिक समारोह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल अनुज माथुर और पूर्व महानिदेशक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा शामिल हुए। एसकेआईटी कॉलेज के मुख्य संरक्षक राजाराम मील, अध्यक्ष सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, निदेशक-शैक्षणिक प्रो. एसएल सुराणा, रजिस्ट्रार रचना मील, प्राचार्य-प्रो. रमेश कुमार पचार, वाईस चेयरमैन अनिल बाफना कार्यक्रम में उपस्थित थे। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। संरक्षक राजाराम मील ने अतिथियों का अभिनन्दन किया तथा प्रो. एसएल सुराणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य व नाटकों का प्रदर्शन किया। प्रवाह के समन्वयक अभिषेक गुप्ता और टीम के सभी सदस्यों ने वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन प्रवाह टीम के अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बच्चों के लिए जीवंत बाल पुस्तकालय पर किया मंथन

जयपुर। राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना के अंतर्गत सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस की ओर से शिक्षा विभाग, समसा व आरएससीईआरटी, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में बाल पुस्तकालयों को जीवंत करने के उद्देश्य से शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। टाटा ट्रस्ट्स व मिजुहो बैंक के सहयोग से 'स्कूलों और समुदाय में बच्चों के लिए जीवंत पुस्तकालय का पोषण' विषयक कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि कर्नाटक सरकार के ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग की एडिशनल चीफ सेक्रेटरीउमा महादेवन दासगुप्ता ने अपने संबोधन में समुदाय व पंचायत स्तर पर पुस्तकालय को लेकर किए गए प्रयोग पर जानकारी दी। उन्होंने टैरेस लाइब्रेरी, लिटिल फ्री लाइब्रेरी, रूरल लाइब्रेरी जैसे अनूठे पुस्तकालयों की उपयोगिता पर जानकारी दी। साथ ही समावेशी लाइब्रेरी की जरूरत को उजागर किया। इस अवसर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक आरएससीईआरटी कविता पाठक, उपनिदेशक आरएससीईआरटी उदयपुर कमलेद्र सिंह राणावत, निदेशक शिक्षा विभाग दमन-दीव जतिन गोयल निदेशक और अध्यक्ष सीएमएफ प्रो. श्रीराम ने भी भाग लिया।

डिस्कशन | **ICAI जयपुर शाखा में सेमिनार**

सीए सदस्यों ने सुलझाई बैंक ऑडिट की गुत्थियां

बेधड़क | जयपुर

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा की ओर से सीए सदस्यों के लिए बैंक ऑडिट पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बैंक ऑडिट एक प्रक्रिया है जिसमें एक बैंक की वितीय विवरण, लेखा रिकॉर्ड, आंतरिक नियंत्रण, और सामग्री वित्त प्रबंधन की जांच और मूल्यांकन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बैंक की वितीय रिपोर्टिंग की सटीकता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना होता है। इस सेमिनार के माध्यम से सीए सदस्यों ने उच्चतम गुणवत्ता वाले वितीय परीक्षण के मानकों पर चर्चा की और विभिन्न वित्तीय जोखिमों का मूल्यांकन करने के तरीकों पर गहराई से विचार किया। यह सेमिनार सीए सदस्यों को बैंक ऑडिट के माध्यम से उत्पन्न समस्याओं को समझने और उन्हें हल करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है।

समझे LFAR के विभिन्न पहलू

सेमिनार में नई दिल्ली से आए वक्ता सीए लोकेश गुप्ता ने लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट (LFAR) पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया की लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट आर्डर एक विस्तृत प्रश्नावली रूप में होता है जिसमे ऑडिटर को प्रश्नावली का उत्तर कैसे दिया जाता है और ऑब्जरवेशन को किस तरह नोट किया जाता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह एक वित्तीय परीक्षण प्रक्रिया है जो संस्थाओं और वित्तीय संस्थानों की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन प्रणाली, और नियंत्रणों की मूल्यांकन करती है। लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट का मुख्य उद्देश्य संस्था के वितीय प्रबंधन की गुणवत्ता को निर्धारित करना और नियंत्रण प्रणाली की मजबूती का मूल्यांकन करना है। मुंबई से आए वक्ता सीए पंकज तिवारी ने दूसरे सत्र में आय पहचान एवं संपत्ति वर्गीकरण नॉर्म्स, ऋणों का ऑडिट और आरबीआई के मास्टर सर्कुलर पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया की इस सत्र का मुख्य उद्देश्य बैंकों और वितीय संस्थानों के लिए आय पहचान और एसेट क्लासीफिकेशन के मानकों को समझाना व विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना था।

ऑडिट में एआई के उपयोग पर की चर्चा

कानपुर से आए सीए मनु अग्रवाल ने सत्र में बैंक ऑडिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के उपयोग पर चर्चा की। इस व्याख्यान में उन्होंने विविधता और विस्तार से बताया कि एआई कैसे बैंक ऑडिट की प्रक्रिया को सुधार सकता है और इसमें कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डेटा विश्लेषण, ऋणों की मूल्यांकन, नियमों का पालन, और वित्तीय निगरानी में सुधार करने के लिए किया जा सकता है। अंत में एक पैनल डिस्कशन और ओपन हाउस सेशन भी रखा गया जिसमे सीए मुकेश गुप्ता, सीए अनिल कुमार यादव और सीए कार्तिक बापना ने सीए सदस्यों के प्रश्नो और जिज्ञासाओं के जवाब दिए।

पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

मथुरा जिले के वृंदावन धाम में रमणरेती पर स्थित बांके बिहारी मंदिर की मूर्ति में साक्षात राधा और कृष्ण समाए हुए हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां आने भर से व्यक्ति के पापों का नाश हो जाता है। सन 1543 में संगीत के साधक और भक्त शिरोमणि हरिदास ने संगीत के जरिए बांके बिहारी जी को प्रकट किया था। यहां पर साल में सिर्फ एक बार अक्षय तृतीया के दिन भगवान के चरणों के दर्शन होते हैं। एक दिन ही मंगला आरती होती है और केवल एक बार बंसी और मुकुट धारण करते हैं। खास बात यह है कि यहां हर दो मिनट में बांके बिहारी के पर्दा किया जाता है।

मथुरा जिले के वृंदावन धाम में रमणरेती पर स्थित है बांके बिहारी मंदिर

यहां मूर्ति में साक्षात समाए हुए हैं राधा और कृष्ण



उत्तरप्रदेश में हजारों आस्था के प्रतीक मंदिर हैं। यहां का बांके बिहारी मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति यहां पर बांके बिहारी के दर्शन और पूजा करता है, उसका जीवन सफल हो जाता है। बांके बिहारी मंदिर मथुरा जिले के वृंदावन धाम में रमणरेती पर स्थित है। यह भारत के प्राचीन प्रसिद्ध कृष्ण मंदिरों में से एक है। 'बांके बिहारी' भगवान श्रीकृष्ण का ही एक रूप है। श्रीधाम वृन्दावन एक ऐसी पावन भूमि है, जहां पर आने मात्र से ही सभी पापों का नाश हो जाता है। 'धन्य वृंदावन तेन,भक्ति नृत्य यत्र च' यह श्लोक श्रीमद् भागवत का है जिसका अर्थ है कि धन्य है वृंदावन, जहां हर और भक्ति महारानी नृत्य करती है।

बांके बिहारी जी के बार-बार क्यों लगाया जाता है पर्दा

एक कथा के अनुसार, बांके बिहारी मंदिर में 400 वर्ष पहले तक पर्दा नहीं डाला जाता था। श्रद्धालु जितनी देर चाहे उतनी देर तक बांके बिहारी जी दर्शन कर सकते थे। एक बार एक राजकुमारी बांके बिहारी जी के दर्शन करने के लिए मंदिर आयी, तब वह अधिक देर तक बहुत प्रेम से मन लगाकर बांके बिहारी जी के दर्शन करने लगी। जब वह जाने लगी तो बिहारीजी उसके प्रेम में वशीभूत उसके पीछे पीछे चल दिए। पंडित जी ने देखा कि मंदिर में बांके बिहारी जी की मूर्ति नहीं है। तो उन्होंने भगवान से वापस मंदिर में चलने के लिए विनती की। तभी से हर 2 मिनट के बाद बांके बिहारी जी के सामने पर्दा लगा देने की परंपरा शुरू हुई।

भक्त हरिदास ने संगीत के जरिए बुलाया था बांके बिहारी को

सन 1543 में संगीत के साधक और भक्त शिरोमणि हरिदास ने संगीत के जरिए बांके बिहारी जी को प्रकट किया था। 1607 में सशरीर निकुंज प्रवेश करने तक हरिदास ने बांके बिहारी जी को लता मंडप रूपी प्रथम मंदिर में विराजमान रखा था। 1608 जगन्नाथ जी ने रंग महल नाम का एक दूसरा मंदिर बनाया, जिसमें बिहारी जी 1719 तक आनंद लौटते रहे। इस साल करौली की महारानी के विशेष आग्रह पर करौली चले गए। 1721 में बनाए गए तीसरी नए मंदिर में वे 2 वर्ष तक विराजमान रहे। 1724 में गोस्वामी रूपाराम जी की अगवाई में भरतपुर पहुंचे, यहां चौथे मंदिर में दर्शन दिए। 1787 में वृंदावन में जहां निधिवन में मंदिर बनाया गया, वहां पांचवें मंदिर में दर्शन देने प्रारंभ किए। 1787 में ही विकट परिस्थितियों के चलते सेवायतों ने बांके बिहारी जी को पुराने शहर में बनाए गए छठे मंदिर में विराजमान किया। 1864 में इस परिसर में बने सातवें मंदिर में बिहारी जी को विराजमान किया, जहां से वह आज तक लगातार सभी भक्तों को दर्शन देकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण कर रहे हैं।

ऐसे प्रकट हुए थे बांके बिहारी

कृष्ण भक्त स्वामी हरिदास वृंदावन में स्थित निधिवन में बैठकर भगवान को अपने संगीत से ऐसे रिझाया करते थे कि भगवान कृष्ण इनके सामने आ जाया करते थे। एक दिन इनके एक शिष्य ने कहा कि हमें भी भगवान के दर्शन करवाएं। इसके बाद हरिदास कृष्ण भक्ति में डूबकर भजन गाने लगे, राधा-कृष्ण की युगल जोड़ी प्रकट हुई और हरिदास के पास रहने की इच्छा प्रकट की। हरिदास ने कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं तो संत हूं। आपको लंगोट पहना दूंगा, लेकिन माता को नित्य आभूषण कहां से लाकर दूंगा। भक्त की बात सुनकर कृष्ण मुस्कुराए और राधा कृष्ण की युगल जोड़ी एकाकार होकर एक विग्रह रूप में प्रकट हुई। हरिदास जी ने इस विग्रह को 'बांके बिहारी' नाम दिया। प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष मास की पंचमी को मंदिर में प्रकटोत्सव मनाया जाता है। साल में सिर्फ एक बार अक्षय तृतीया को बांके बिहारी के चरणों के दर्शन होते हैं। इस दिन भगवान के दिव्य चरणों के दर्शन बहुत शुभ फलदायी होते है।

1860 में हुआ था निर्माण

इस मंदिर का निर्माण 1860 में हुआ था तथा यह राजस्थानी वास्तुकला का एक नमूना है। इस मंदिर के मेहराब का मुख तथा यहां स्थित स्तंभ इस तीन मंजिला इमारत को अनोखी आकृति प्रदान करते हैं। बांके बिहारी की यह मूर्ति स्वामी हरिदास ने निधिवन में खोजी थी। स्वामी हरिदास भगवान कृष्ण के अनन्य भक्त थे और उनका संबंध निम्बार्क सम्प्रदाय से था। इस मंदिर का 1921 में स्वामी हरिदास के अनुयायियों द्वारा पुनर्निर्माण कराया गया था।

मंदिर के अन्य रहस्य

बांके बिहारी मंदिर के अनेक रहस्य हैं। जैसे वर्ष में केवल एक दिन मंगला आरती का होना। वर्ष में सिर्फ एक बार भगवान बांके बिहारी के चरणों के दर्शन होना। इसके अलावा साल में केवल एक बार बंसी और मुकुट धारण करना। मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त बांके बिहारी जी से सच्चे दिल से मनोकामना करता है, वो जरूर पूरी होती है।

कविता

रातें

सुनील कुमार महला
कवि

कौन कहता है कि
रातें सुप्तावस्था में होती है?
निद्रित नहीं होती हैं रातें कभी
न ही होतीं हैं रातें
निष्क्रिय
न ही पनपता है कभी आलस्य
ही रातें, गंवाती नहीं हैं
कोई यह भी कह सकते हैं कि
रातें कभी प्रकाशमय नहीं होतीं
उज्ज्वल नहीं होतीं रातें
यह कहना गलत है
रातें भी चमकती हैं
धधकती हैं
आलोकित होती हैं
दीप्त और ज्योतित होती हैं
कभी तुम पूछना उन
मजदूरों से
जो रात के घनघोर अंधेरे में भी
दो जून की रोटी के लिए
मिल में पूरी रात हाड़-तोड़
मेहनत को अंजाम देते हैं
कभी तुम पूछना रेलवे स्टेशन
प्लेटफॉर्म
और ट्रेन की सवारी बोगियों में
समोसे, पकौड़े, चने, मूंगफली
और चाय बेचने वालों से
ये, रात को अपने सिरों पर ढ़ोए
फिरते हैं
बेशक रातें
सूर्यास्त से सूर्योदय तक
परिवेशी अंधकार की अवधि
होती हैं
बेशक उस समय सूर्य
क्षितिज के नीचे होता है
लेकिन, तब भी रातें
हर रोज जागती हैं
सुप्तावस्था में समझी जाने
वाली रातें
देखा जाए तो
कभी सुषुप्त नहीं होतीं
रातों के धुंधलके से भी जीवन
झांकता है...!

खानवा के ऐतिहासिक युद्ध की वर्षगांठ पर विशेष

राणा सांगा का बाल बांका नहीं कर सका बाबर!

डॉ. सोमेश कुमार सिंह
सह आचार्य, इतिहास विभाग रा. महा. सवाई माधोपुर।

बाबरनामा में इस पराजय से मुगल सेना में गहन निराशा का उल्लेख किया गया है। निराश सेना को युद्ध के लिए तैयार होने का वास्ता देकर बाबर ने सैनिकों को कुरान शरीफ की सौगंध दिलाई। खुद उसने मादिरा पान से तौबा की। शत्रु सेना पर हमले के लिए उसने उस्ताद अली कुली की बनाई तौप का परीक्षण करवाया। यह तोप पत्थर चलाने का काम करती थी। इससे 1600 कदम पर पत्थर का गोला फेंका जाता था। इन्हीं तोपों की गर्जना रोकने के लिए सांगा के सैनिकों ने तोपों के मुंह में अपने आप को झोंक कर शत्रु सेना को हतप्रभ कर दिया।

हाथियों की चिंघाड़, तोपों की गड़गड़ाहट, शूरवीर योद्धाओं की हुंकार, घोड़ों की हिनाहट जैसे अब भयप्रद स्वर हो रहे थे। खन-खनाते हुए खड़ग शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर डालते थे। बाणों की वर्षा कहर बरपा रही थी। आकाश में बेशुमार धूल उड़ने लगी। कुछ दिखाई तक नहीं देता था। लड़ने वाले योद्धा पास में आकर परस्पर बोलकर अपने पराए का ज्ञान करके लड़ते थे। आज से 497 वर्ष पहले 17 मार्च 1527 तारीख 13 जमादी, उस्मानी हिजरी संवत 933 चैत्र सुदी 14 विक्रम संवत 1584 शनिवार को सुबह पूर्वी राजस्थान के सिंह द्वार भरतपुर जिले के खानवा ग्राम के युद्ध स्थल पर बाबर और मेवाड़ अधिपति राणा सांगा की सेनाओं के बीच हुए महायुद्ध का यह परी दृश्य इतिहास में दर्ज है।

बाबर की आत्मकथा बाबरनामा मेवाड़ी साक्ष्य दयाल दास कृत राणा रासो, वंश भास्कर, जेम्स टॉड कृत उदयपुर राज्य का इतिहास इत्यादि ग्रंथों में रोमांचक खानवा युद्ध का वर्णन गद्य और पद्य में मिलता है। बाबरनामा के अनुसार एक पहर,दो घड़ी बीतने के बाद दोनों पक्षों की सेनाएं करीब पहुंच गई और सुबह 9:30 बजे युद्ध आरंभ हुआ। वंश भास्कर के अनुसार कुछ लोगों का कथन है कि यह युद्ध 9 दिन तक चला पर कुछ लोगों की मान्यता है कि 9 दिन नहीं बल्कि 9 प्रहर में यह समाप्त हो गया। कुछ लोग इसे मात्र एक दिन का अर्थात चार प्रहर का ही मानते हैं। भारत में मुगल सल्तनत के विस्तार की दृष्टि से खानवा युद्ध की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बाबर ने भारत पर कई बार आक्रमण किए, लेकिन वह लूटपाट करके वापस काबुल लौट गया।

दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी को अप्रैल 1526 में पानीपत के युद्ध में पराजित करके बाबर ने लोधी साम्राज्य पर कब्जे की रणनीति अपनाई। उसने बयाना के सुदृढ़ किले पर नियंत्रण किया जो भारत का प्रमुख दुर्ग माना जाता था, लेकिन वह जानता था कि मेवाड़ महाराणा संग्राम सिंह (सांगा) के सहयोग के बिना उसका मंसूबा पूरा नहीं होगा। बाबर ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि राणा सांगा अपनी बहादुरी और तलवार के बल पर बहुत बड़ा हो गया था। मालवा दिल्ली और गुजरात का कोई अकेला सुल्तान उसे हरा नहीं सकता था। राणा सांगा ने विदेशी आक्रांता को भगाने के लिए विभिन्न शासकों को एकजुट किया। समर विशारद सांगा ने श्रेष्ठ रणनीति के अनुसार अपनी सेना को पारंगत बनाया। बाबर के इरादों को भापकर सांगा ने बयाना किले को अपने अधिपत्य में ले लिया। बाबरनामा में इस पराजय से मुगल सेना में गहन निराशा का उल्लेख किया गया है। निराश सेना को युद्ध के लिए तैयार होने का वास्ता देकर बाबर ने सैनिकों को कुरान शरीफ की सौगंध दिलाई। खुद उसने मादिरा पान से तौबा की। शत्रु सेना पर हमले के लिए उसने उस्ताद अली कुली की बनाई तौप का परीक्षण करवाया। यह तोप पत्थर चलाने का काम करती थी। इससे 1600 कदम पर पत्थर का गोला फेंका जाता था।

इन्हीं तोपों की गर्जना रोकने के लिए सांगा के सैनिकों ने तोपों के मुंह में अपने आप को झोंक कर शत्रु सेना को हतप्रभ कर दिया। संभावित युद्ध में जीत-हार की आशंका से ग्रसित बाबर काबुल से एक ज्योतिषि मोहम्मद शरीफ को लाया था। बाबरनामा में इसकी भविष्यवाणी में कहा गया कि आजकल मंगल ग्रह पश्चिम में दिशा में है, इस तरफ जो युद्ध करने जाएगा उसकी पराजय होगी। बाबरनामा ने इस युद्ध में बाबर को विजेता बताया है। खानवा युद्ध को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है, जैसे बाबर की सेना को हराने वाला भारत में कोई नहीं था। युद्ध के निष्पक्ष परिणाम को जानने के लिए मेवाड़ी साक्ष्यों में मौजूद युद्ध के बाद बाबर की गतिविधियों पर भी दृष्टि डालने की आवश्यकता है। मेवाड़ी साक्ष्य दयाल दास कृत राणा रासो में स्पष्ट रूप से सांगा की विजय बताई गई है। बाबरनामा के आधार पर खानवा के युद्ध के परिणाम को स्वीकार नहीं कर सकते। अगर बाबर खानवा का निर्णायक विजेता होता तो उसने अपनी विजय के बाद राणा सांगा के राज्य को मुगल साम्राज्य में विलय क्यों नहीं किया? बाबर ने घायल राणा सांगा का पीछा क्यों नहीं किया, जबकि आक्रांताओं की यह परंपरा थी कि वे शत्रु को जिंदा नहीं छोड़ते थे। पानीपत के युद्ध के बाद बाबर ने तुरंत इब्राहिम लोदी के खजाने को अपने कब्जे में ले लिया था, परंतु खानवा के युद्ध के बाद वह मेवाड साम्राज्य में घुसने की हिम्मत तक नहीं जुटा सका था। इस युद्ध के बाद बाबर तुरंत युद्ध भूमि से दूर चला गया था। संभवतया उसको भय लग रहा होगा कि सांगा पुनः पलटवार करके उसको खदेड़ देगा। महाराणा सांगा जब तक जिंदा रहे तब तक बाबर उनका बाल भी बांका नही कर सका। महाराणा सांगा अंतिम सांसों तक स्वतंत्र संप्रभु शासन के रूप में शासन करते रहे। ऐसा प्रतीत होता है कि खानवा के युद्ध के परिणाम पूरी तरह बाबर के पक्ष में नहीं थे।

युद्ध भूमि में उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा था। उसके असंख्य सैनिक युद्ध में मारे गए थे। इस युद्ध के बाद बाबर पुनः राणा सांगा पर आक्रमण करने की हिम्मत नहीं जुटा सका था। इस युद्ध का परिणाम अनिर्णायक रहा था। ना तो बाबर राणा सांगा को पूरी तरह नष्ट कर पाए थे और ना हीं सांगा बाबर को भारत से निष्कासित कर पाया था। महाराणा सांगा की गिनती अंतिम हिंदू सम्राटों में की जाती है। विदेशी आक्रमणों को रोकने में उन्होंने जिस अदम्य शौर्य, पराक्रम, देशभक्ति का परिचय दिया था वह आज भी प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणादायी है।

शब्दों की सीख

काश! अंकल भी मान जाते

अर्चना त्यागी
जोधपुर

बस से उतरकर चेतन अपने घर की ओर चल पड़ा। दो भारी भारी बैग दोनों हाथों में ले रखे थे और तीसरा कंधों पर टंगा था, जिसके वजन से कमर झुकी जाती थी। फिर भी बढ़ता ही जा रहा था। रास्ते में कोई वाहन मिल जाता, लेकिन गर्दन उठा नहीं पा रहा था और नजरें नीची करके चल रहा था। डर था कि कोई पूछ न ले कि सारा सामान लेकर वापस क्यों आ गया है?

पिछले महीने ही तो बाबा ने उसे कर्ज लेकर एक बड़े शहर भेजा था। नामी कोचिंग संस्थान में दाखिला करवा दिया था। होनहार विद्यार्थी था। बारहवीं में बहुत अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ था। कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा में भी अच्छे अंक लाया था, जिसके चलते कुछ फीस माफ हो गई थी फिर अचानक वापसी वो भी बिना बताए? इसी प्रश्न से बचने का प्रयास करता हुआ आगे बढ़ रहा था। रास्ते में एक दो जगह थकान महसूस होने पर रुकना भी पड़ा, लेकिन तुरंत ही उठकर फिर से चल दिया।

घर पहुंचकर सीधे अम्मा के पास गया। अम्मा हैरान थी, उसे सामान सहित ऐसे आया देखकर। बाबा खेत पर गए हुए थे, इसलिए बच गया। अम्मा ने खाना खिलाया और सामान अंदर रख दिया। बाबा वापिस आए तो उम्मीद के विपरीत कोई सवाल नहीं पूछा।

'नहीं मन लगा तो कोई बात नहीं। बड़ा अच्छा किया जो खुद ही घर लौट आया। पढ़ाई में मन नहीं लगता तो भी कोई बात नहीं।

खेती का काम ही कौन सा कम है? आज के जमाने में अनपढ़ गंवार कहां खेती कर पाते हैं, सही से? अच्छा ही हुआ जो लौट आया। मुझसे भी अब सारा काम संभलता नहीं है।' चेतन चुपचाप सब सुन रहा था। बाबा उठने लगे तो उनको वापिस बैठाया और समझाने लगा।

'मैंने पढ़ाई नहीं छोड़ी है,बाबा। मुझे अब भी इंजिनियर बनने के लिए बहुत पढ़ाई करनी है, लेकिन अब अपने शहर में रहकर ही पढ़ूंगा।' बाबा उसका मुंह देखकर बोले। 'पर पढ़ाएगा कौन? हमारा तो छोटा सा शहर है। कोचिंग जैसा पढ़ाने वाले अध्यापक वहां नहीं हैं।' चेतन ने उत्तर दिया।

'जानता हूं, बाबा। मैं मोबाइल से पढ़ूंगा और जो हमारे स्कूल के अध्यापक हैं उनसे सवाल पूछ लूंगा। उन्हे कोचिंग जैसा पढ़ाना भले ही न आता हो, लेकिन अपने विषय का बहुत ज्ञान है।'

'कोचिंग में क्या मन नहीं लगा?' मां भी पास ही खड़ी थी सो उनसे पूछे बिना रहा नहीं गया। 'मां, मेरे कमरे में जो दूसरा लड़का रहता था वो दो साल से उसी कोचिंग में पढ़ रहा था। उसे कुछ समझ नहीं आता था। फिर भी अपने पापा के कहने से वहां पर रह रहा था। इस साल भी टेस्ट में अच्छे अंक नहीं आए तो इतना परेशान हुआ कि उसने अपनी जान ही ले ली। कोचिंग वाले तो उसी को बुरा कह रहे हैं, जबकि वो बहुत अच्छा था। मेरे भाई जैसा था।' मां और बाबा दोनों ने सुनकर अपने कानों पर हाथ रख लिए। चेतन ने आगे बताया।

'सब लड़के उस कोचिंग को छोड़कर चले गए हैं, अपने अपने घर। मैंने सोच लिया था कि पढ़ूंगा जरूर, पर यहां नहीं रहूंगा।' मां ने बेटे को गले से लगा लिया। बाबा ने हाथ में पैसे रखकर बस इतना ही कहा। 'शहर जाकर अपने अध्यापक से मिल आ। मोबाइल की पढ़ाई के लिए क्या क्या चाहिए वो भी शहर से लेते आना।'

बाबा को जाते देखकर चेतन यही सोच रहा था कि कितना अच्छा होता अगर उन भैया के पापा भी मेरे बाबा जैसे होते और उनकी बात मानकर उन्हें घर बुला लेते। हां, उन्हें भी अपने पापा से लड़ लेना चाहिए था निडर होकर, लेकिन मरना नहीं चाहिए था। वह आकाश की ओर देखकर कह रहा था। भैया हम सब आपके साथ हैं। सब अपने घरवालों को समझाने और कोचिंग वालों को सबक सिखाने निकल गए हैं।

प्रधानमंत्री ने दक्षिण के दो राज्यों का किया दौरा, कुलबर्गी में बोले- अबकी बार 400 पार

कांग्रेस चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, लेकिन करतूतें नहीं बदलती: मोदी

एजेंसी | कुलबर्गी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दक्षिण के दो राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए पीएम मोदी लगातार रैलियां कर रहे हैं। पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना का दौरा किया। इसके बाद वह कर्नाटक पहुंचे। कर्नाटक के कलबुर्गी में उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है - अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा, कलबुर्गी का ये जनसैलाब और आप सबके चेहरों का ये उत्साह, कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। अभी तो चुनाव की घोषणा होनी बाकी है और आपने पहले ही घोषणा कर दी। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती। इसलिए कर्नाटक में जनता जाग चुकी है, आक्रोश और गुस्से से लाल है।

इतने कम समय में ही जनता का मोहभंग हो जाना दिखाता है कि लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया है।

कांग्रेस से करप्शन दूर नहीं हो सकता

उन्होंने कहा कि एक बार कोयले से कालिख दूर हो सकती है, लेकिन कांग्रेस से करप्शन दूर नहीं हो सकता। इन परिवारवादियों के लिए भ्रष्टाचार ही ऑक्सीजन है। बिना भ्रष्टाचार के ये लोग सियासत में सांस भी नहीं ले सकते। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक को कांग्रेस ने अपना परिवार एटीएम बना लिया है। पार्टी और परिवार के खर्चे पूरे करने के लिए कर्नाटक की जनता की कमाई यहां से सप्लाई की जा रही है।

झूठ-लूट के अलावा कुछ नहीं दिया

पीएम ने कहा कि सात दशकों में कांग्रेस ने में देश को झूठ और लूट के अलावा कुछ नहीं दिया। कांग्रेस ने दशकों तक देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीब के जीवन में कोई बदलाव आया क्या? कांग्रेस ने SC-ST-OBC को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया।

चक्की के दो हिस्सों में पिसता रहा तेलंगाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुलबर्गी से पहले नगरकुर्नूल पहुंचे और सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव के दौरान मैं यहां आया था तब मैंने देखा था कि जनता के दिल और दिमाग में बीआरएस के खिलाफ इतना गुस्सा था और उसका नतीजा भी हमने देखा कि उसका क्या हाल हुआ है। अब तेलंगाना के लोगों ने मोदी को फिर से वापस लाने का फैसला सुना दिया है। पीएम मोदी ने कहा, तेलंगाना को हमारे देश में गेटवे ऑफ साउथ' कहा जाता है। यह एनडीए और मोदी की प्राथमिकता रहा है, इन 10 वर्षों में हमने देखा कि कैसे तेलंगाना चक्की के दो हिस्सों में पिसता रहा है जिसमें एक हिस्सा कांग्रेस का और दूसरा हिस्सा बीआरएस का था। कांग्रेस और बीआरएस ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। अब तो मुश्किल यह है कि यहां कांग्रेस के पंजे का कब्जा हो गया है। पहले बीआरएस की महा लूट और कांग्रेस की बुरी नजर। कांग्रेस के लिए पूरा राज्य तबाह करने के लिए पांच वर्ष भी बहुत हैं।'

लोकसभा चुनाव: सपा की पांचवीं सूची जारी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। इस बार पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का ऐलान किया है। पार्टी ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, इटावा से जितेंद्र दोहरे, गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर, सुलतानपुर से भीम निषाद, मिश्रिक से मनोज कुमार राजवंशी और जालौन से नारायण दास आहिरवार को मैदान में उतारा है। इससे पहले सपा 37 नामों का एलान कर चुकी थी, पांचवीं सूची के बाद से अब यह संख्या 43 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 41 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा।

वाईएसआर कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

अमरावती। आंध्र प्रदेश में सत्ताधारी पार्टी- वाईएसआर कांग्रेस ने 25 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने आंध्र प्रदेश की लोकसभा सीटों पर जिन प्रत्याशियों के नाम का एलान किया है, उसमें प्रत्याशियों की जाति का विवरण भी साझा किया गया है। रेड्डी, कलिंग, माला और मडिगा जाति से ताल्लुक रखने वाले प्रत्याशियों को सियासी रणक्षेत्र में उतारा गया है। कई सीटें पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित हैं। ऐसे में पार्टी ने जीतने की अधिक संभावना वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

देश में सात चरणों में 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होंगे लोकसभा चुनाव

96.8 करोड़ मतदाताओं के हाथ में केंद्र की सत्ता की चाबी

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। चुनाव आयोग ने शनिवार दोपहर तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ कर दिया है कि सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। 19 अप्रैल से 1 जून के बीच अलग-अलग राज्यों में मतदान होना है, जबकि 4 जून को मतगणना होगी।

चुनाव आयोग (ईसीआई) शनिवार को चुनाव तारीखों के ऐलान के साथ ही पंजीकृत मतदाताओं के आंकड़े जारी किए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में 96.88 करोड़ वोटर्स हैं और 10 लाख से ज्यादा बूथ वोटिंग के लिए होंगे।

राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर होगी। उन्होंने कहा कि इस बार 1.8 करोड़ मतदाता पहली बार वोट करेंगे और कुल 21.5 करोड़ युवा वोटर्स होंगे। पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है। 2019 में यह आंकड़ा 89.6 करोड़ था। देश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 46.5 करोड़ था। दूसरी ओर महिला मतदाता 47.1 करोड़ हैं जो पिछले चुनाव में 43.1 करोड़ थी।

चुनाव आयोग ने बताया है कि मतदाता सूची में 2.63 करोड़ से अधिक नए मतदाताओं को शामिल किया गया है। इनमें से लगभग 1.41 करोड़ महिला मतदाता जबकि 1.22 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। इस तरह से नए महिला मतदाताओं की संख्या नए पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 15 फीसदी अधिक है।

बीते पांच वर्षों (2019-2024) में मतदाता लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है। लिंगानुपात 2019 में 928 था जो 2020 में बढ़कर 932 और 2021 में 935 हो गया। 2022 और 2023 में यह 940 ही रहा। वहीं 2024 में बढ़कर 948 हो गया है।

- देश में 6 प्रतिशत वोटर बढ़े, इस बार 1.8 करोड़ का पहला मतदान
- मतदाता सूची में लिंगानुपात सकारात्मक रूप से बढ़ा
- 21.5 करोड़ युवा वोटर्स करेंगे वोट
- 10 लाख से ज्यादा पोलिंग बूथ
- 4 जून को होगी मतगणना

कुल मतदाता
96,88,21,926

पुरुष	महिला
49,72,31,994	47,15,41,888

थर्ड जेंडर	दिव्यांग
48,044	88,35,449

कुल आबादी में मतदाताओं का प्रतिशत
66.76%

मतदाताओं का लिंगानुपात
948

18 से 19 साल के	1,84,81,610
20 से 29 साल के	19,74,37,160
80+ उम्र के	1,85,92,918
100+ उम्र के	2,38,791

किस राज्य के किस शहर में कब है चुनाव?

पहला चरण
अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्ष्यदीप और पुडुचेरी।
मतदान: 19 अप्रैल
राज्य: 21
सीटें: 102

दूसरा चरण
असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल।
मतदान: 26 अप्रैल
राज्य: 13
सीटें: 89

तीसरा चरण
असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव एंड नागर हवेली, जम्मू-कश्मीर।
मतदान: 7 मई
राज्य: 12
सीटें: 94

चौथा चरण
आंध्र प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर।
मतदान: 13 मई
राज्य: 10
सीटें: 96

पांचवां चरण
बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख।
मतदान: 20 मई
राज्य: 8
सीटें: 49

छठा चरण
बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली।
मतदान: 25 मई
राज्य: 7
सीटें: 57

सातवां चरण
बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, और चंडीगढ़।
मतदान: 1 जून
राज्य: 8
सीटें: 57

अन्य मतदाताओं का हाल क्या है?
चुनाव आयोग ने बताया है कि देशभर में 48,044 अन्य मतदाता हैं। वहीं 2019 में अन्य मतदाता 39,683 थे।

4 राज्यों में विधानसभा चुनाव
आम चुनाव के साथ 4 राज्यों में विधानसभा (Vidhansabha Election dates) चुनाव भी होंगे। आंध्र प्रदेश में 13 मई को चुनाव होंगे। सिक्किम और अरुणाचल में 19 अप्रैल को वोटिंग। ओडिशा में मतदान 13 मई से 4 चरणों में होंगे।

26 विधानसभाओं में होंगे उपचुनाव
हरियाणा, हिमाचल, झारखंड और यूपी समेत 26 विधानसभाओं में चुनाव आयोग कराएगा उपचुनाव।

दिव्यांग मतदाता कितने हैं?
देशभर में दिव्यांग मतदाता 88.35 लाख हैं। वहीं बीते लोकसभा चुनाव के दौरान 45.64 लाख क्क2ष्ठ मतदाता थे। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान के दिन पहुंच और समावेशिता सुनिश्चित करके दिव्यांग व्यक्तियों का समर्थन करने का एक सराहनीय प्रयास किया गया है।

चुनाव से पहले कांग्रेस ने की घोषणा

श्रमिकों के लिए पांच बड़ी गारंटियों का किया ऐलान

- स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार का वादा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को अपने पाले में लाने में जुट गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस भी लगातार कई बड़ी घोषणाएं कर रही है।

महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए पांच बड़े वादे करने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रमिकों के लिए पांच बड़ी गारंटियों का ऐलान किया है। इनमें श्रमिकों के बेहतरी के लिए वादे किए गए हैं। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "आज बेंगलुरु में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी, जिन्होंने खुद एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया, ने कांग्रेस पार्टी की ओर से श्रमिकों के लिए कांग्रेस की 5 गारंटी की घोषणा की।

ये हैं पांच बड़ी घोषणाएं

1. स्वास्थ्य अधिकार
कांग्रेस स्वास्थ्य के अधिकार कानून की गारंटी देती है। इसके अंतर्गत मुफ्त आवश्यक डायग्नोस्टिक, दवाएं, उपचार, सर्जरी, और पुनर्वास उपचार और पैलिएटिव केयर-सहित यूनिवर्सल स्वास्थ्य देखभाल की सभी सुविधाएं होंगी।

2. श्रम का सम्मान
कांग्रेस 400 रुपए प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम होगी।

3. शहरी रोजगार गारंटी
कांग्रेस शहरी क्षेत्रों के लिए एक रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी, जिसमें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार ढालने और सामाजिक सेवाओं में गैप को पाटने पर ध्यान दिया जाएगा।

4. सामाजिक सुरक्षा
कांग्रेस सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है।

5. सुरक्षित रोजगार
कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक-विरोधी लेबर कोड्स की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी देती है। कांग्रेस मुख्य सरकारी कार्यों में रोजगार के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को बंद करेगी। कांट्रैक्ट आधारित काम करवाने की इजाजत एकदम अंतिम उपाय के रूप में होगी।

चुनावी शंखनाद पर बोले कांग्रेस अध्यक्ष

तानाशाही से बचने का आखिरी मौका, खुलेगा न्याय का द्वार: खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तारीखों के ऐलान होने के बाद से कांग्रेस ने बीजेपी पर हमले और तेज कर दिए हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव भारत के लिए न्याय का द्वार खोलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान को तानाशाही से बचाने का शायद ये आखिरी मौका होगा। उन्होंने कहा कि हम 'भारत के लोग' साथ मिलकर नफरत, लूट, बेरोजगारी, महंगाई व अत्याचार के खिलाफ लड़ेंगे।

न्याय की रणभूमि ने पुकारा, हम तैयार हैं: पवन खेड़ा

उधर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने भी कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है। न्याय की इस रणभूमि ने पुकारा है और हम तैयार है। यह चुनाव किसी भी सूरत में आम नहीं है। चुनाव फैसला करेगा कि देश मजदूर किसानों के कंधे पर चलेगा या पूंजीपतियों के कंधे पर। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव किस पर होगा बाबा साहब के संविधान पर या तानाशाह पर? देश इस चुनाव में अहंकार पर चोट देने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का किसानों, दलितों सभी ने समर्थन किया है। देश के कोने कोने में जाकर लोगों से मुलाकात की और जनता ने कांग्रेस व राहुल गांधी दोनों को नजदीकी से समझा है।

आज राहुल गांधी की न्याय यात्रा का आखिरी दिन

उधर, कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन 17 मार्च, 2024 को रहा है। कांग्रेस की ओर से मुंबई में रविवार को एक बड़ी रैली का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल के नेता भी शिरकत करेंगे। इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस रैली के आयोजन से ठीक पहले लोकसभा चुनाव की डेट्स अनाउंस कर दी गई हैं। इसके बाद से देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। ऐसे में इस रैली पर चुनाव आयोग की भी पूरी नजर रहेगी।

दक्षिण भारत में भाजपा को झटका

पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी ने थामा कांग्रेस का हाथ

हैदराबाद। लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण भारत में भाजपा को झटक लगा है। तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पार्टी नेता और पूर्व सांसद एपी जितेंद्र रेड्डी शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। जितेंद्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, तेलंगाना के कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें इसका गिफ्ट भी दिया। तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने जितेंद्र रेड्डी को एक आदेश में राजधानी दिल्ली में तेलंगाना सरकार के विशेष प्रतिनिधि और सरकार के खेल मामलों के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। यह पद राज्य मंत्री के बराबर होता है। जितेंद्र रेड्डी महबूबनगर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के टिकट के चाहते थे, लेकिन भाजपा ने यहां से डी के अरुणा को टिकट देकर मौदान में उतार दिया है।

जरूरी खबर

छत्तीसगढ़: सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के कर्मचारियो को बड़ी सौगात दी है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। सरकार ने चार प्रतिशत डीए बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इसी के साथ अब मिलने वाला महंगाई भत्ता 42 से बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया है। महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में 04 प्रतिशत महंगाई भत्ते में एवं पेंशनरों के महंगाई राहत में 4 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत 1 मार्च 2024 से दिया जाएगा। इस निर्णय से राज्य के 3 लाख 90 हजार कर्मचारी तथा 1 लाख 20 हजार पेंशनर लाभान्वित होंगे।

दिवंगत जनरल बिपिन रावत की 66वीं जयंती मनाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय रक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को दिल्ली में जनरल विपिन रावत मेमोरियल आख्यान (लेक्चर) में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम देश के पहले सीडीएस के रूप में जनरल बिपिन रावत के द्वारा किए गए प्रयासों को जारी रखेंगे। लेकिन जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो यह यही भारत सरकार थी जिसने सीडीएस के पद की घोषणा करके और सैन्य मामलों के विभाग को बनाकर सुधारों को रास्ता अपनाया।

सहगल प्रसार भारती के नए अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली था। वह ए। सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था। प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो अधिकतम आयु सीमा है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक आदेश में कहा गया है कि नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी।

नौसेना की बड़ी कार्रवाई, 35 समुद्री लुटेरों ने किया आत्मसमर्पण

कोलकाता। *आईएनएस कोलकाता ने पिछले 40 घंटों में कार्रवाई करते हुए 35 समुद्री लुटेरों को घेर लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। नौसेना ने शनिवार शाम को समुद्री लुटेरों के चंगुल से बंदी बनाए गए 17 चालक दल के सदस्यों को भी सुरक्षित छुड़ा लिया। आईएनएस कोलकाता ने भारतीय तट से लगभग 1400 एनएम (2600 किमी) दूर समुद्री लुटेरों के जहाज रुएन को घेर लिया था। इसमें आईएनएस सुभद्रा, हेल आरपीए, पी8आई समुद्री गश्ती विमान और मार्कोस प्रहार वायु सेना ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस दौरान सेना ने भरी मात्रा में अवैध हथियारों, गोला-बारूद भी जब्त किया।*

डूंगरपुर मामले में आजम खां समेत चार दोषी करार

रामपुर। डूंगरपुर बस्ती में घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, धमकाने और आपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में सपा नेता आजम खां के साथ ही पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन समेत चार लोगों को दोषी करार दिया गया है। सभी दोषियों को 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। साक्ष्य के अभाव में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान समेत तीन आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। शनिवार को इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित सक्सेना ने बताया कि एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड पुलिस क्षेत्राधिकारी आले हसन, ठेकेदार बरकत अली को कोर्ट ने दोषी करार दिया है।

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ याचिका दायर

CAA: मुस्लिम लीग के बाद केरल सरकार भी विरोध में

- AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे
- कानून को बताया असंवैधानिक है और धर्म पर आधारित

बेधड़क | नई दिल्ली

केरल सरकार ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन कानून 2019 और नागरिकता संशोधन नियम 2024 को लागू करने से रोक की मांग की है। वहीं इस मुद्दे पर AIMIM के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

केरल सरकार ने सीएए पर रोक की मांग करते हुए तर्क दिया है कि सीएए कानून को लागू करने में चार वर्षों की देरी हुई है, इसका मतलब ये है कि इस कानून को लागू करने की तुरंत आवश्यकता नहीं है और इस आधार पर ही सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) पर रोक लगाई जा सकती है। सीएए के खिलाफ केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पार्टी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट सीएए के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि सीएए कानून असंवैधानिक है और यह धर्म पर आधारित है। नागरिकता संशोधन कानून असम समझौते, 1985 का भी उल्लंघन है।

तुरंत कानून पर लगाए रोक: ओवैसी

AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए सीएए पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान ओवैसी ने NRC का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि CAA का NRC के साथ गलत गठजोड़ है। NRC के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6B के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए।

18 पाक शरणार्थी को दी नागरिकता

अहमदाबाद। भारत में नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद शनिवार को पहली बार गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने अहमदाबाद में निवास कर रहे 18 पाकिस्तान से शरणार्थी बनकर आए महिला-पुरुषों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। अहमदाबाद जिले में अब तक 1167 लोगों को भारत की नागरिकता दी जा चुकी है। अहमदाबाद जिला कलेक्टर प्रवीणा डी के, महापौर प्रतिभा जैन तथा सांसद हंसमुख पटेल आदि की मौजूदगी में जिला कलेक्टर कार्यालय पर एक समारोह का आयोजन कर पाकिस्तान से आकर अहमदाबाद में रह रहे अलग-अलग परिवारों के 18 महिला-पुरुष व युवाओं को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर गृह राज्यमंत्री संघवी ने कहा कि मुस्कुराइये आप अब भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पड़ोसी देश पाकिस्तानी, बांग्लादेश व अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदू, सिक्ख, जैन, पारसी, बौद्ध धर्मावलंबियों को भारत की नागरिकता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए वर्ष 2016 व 2018 में गैजेट में अधिसूचना जारी कर एक खास प्रावधान किया। अहमदाबाद जिला में अब तक 1167 विदेशी नागरिकों को भारत की नागरिकता दी जा चुकी है।

आईओसी ने जनता को दी राहत

लक्षद्वीप में पेट्रोल डीजल के दामों में 15.3 रुपए की कटौती

बेधड़क | नई दिल्ली

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने लक्षद्वीप के द्वीपों में पेट्रोल और डीजल दामों में 15.3 रुपए की प्रति लीटर तक की कटौती की है। आईओसी ने उस लागत को हटाया है, जो दूरदराज के द्वीपों में ईंधन के परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च की वसूली के लिए लगाया गया था।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आईओसी से मिली जानकारी के हवाले से एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें कहा गया, "अंदरोत और कलपेनी द्वीपों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 15.3 रुपए प्रति लीटर और कवरत्ती और मिनिकॉय द्वीपों में 5.2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की गई है।" कवरत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत 105.94 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपए प्रति लीटर और अंदरोत और कलपेनी में 116.13 रुपए से घटाकर 100.75 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह कवरत्ती और मिनिकॉय में डीजल की कीमत 110.91 रुपए से घटकर 95।71 रुपए प्रति लीटर और अंदरोत व कलपेनी में 111.04 रुपए प्रति लीटर से घटकर 95.71 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नई दरें 'शनिवार से प्रभावी हो गई हैं। मंत्रालय ने कहा, "लक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों कवरत्ती, मिनिकॉय, अंदरोत और कलपेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के कवरत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं और इन डिपो में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कोच्चि (केरल) स्थित आईओसी डिपो से की जाती है। इसमें आगे कहा गया, कवरत्ती और मिनिकॉय में खुदरा आउटलेट को हमारे डिपो से पाइपलाइन के जरिए सीधे आपूर्ति की जाती है। अन्य द्वीपों अंदरोत और कलपेनी को कवरत्ती डिपो से आपूर्ति की जाती है।

रेवाड़ी के इंडस्ट्रियल एरिया में हादसा

कंपनी में बॉयलर फटा, 60 लोग झुलसे

बेधड़क | रेवाड़ी

हरियाणा के रेवाड़ी के धारूहेड़ा के हाउसिंग बोर्ड इंडस्ट्रियल एरिया में एक स्पेयर पार्ट्स बनाने वाली कंपनी के डस्ट कलेक्टर में बॉयलर फट गया। इस दौरान आग इतनी ज्यादा फैल गई कि 60 से ज्यादा कर्मचारी झुलस गए। फिलहाल मौके पर आग पर तो काबू पा लिया गया है। मगर कुछ लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। साथ ही आग में झुलसे लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रेफर कर दिया गया है। गुरुग्राम के अस्पताल में कई कर्मचारियों को भेजा गया है। बॉयलर फटने के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। लोगों को एक बार तो समझ नहीं आया कि हुआ क्या है। आनन फानन लोगों को अस्पताल तक पहुंचाना शुरू किया गया। वहीं, हादसे के बाद लाइफलॉन्ग कंपनी के महाप्रबंधक सुभाष राणा का कहना है कि प्रेशर पाइप फटने के कारण यह हादसा हुआ है। श्रमिकों पर केमिकल नहीं गिरा है। वाहनों के पार्ट्स से मिट्टी हटाने के लिए डस्ट कलस्टर पाइप होते हैं। इस पाइप में हवा, मिट्टी और पानी होता है। शाम को कार्य के दौरान यह पाइप फट गया।

शराब घोटाला मामला: राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए दिल्ली के सीएम

अरविन्द केजरीवाल को कोर्ट से मिली जमानत

बेधड़क | जयपुर

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित दिल्ली शराब घोटाले मामले में आज शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए।

कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी है। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने ईडी द्वारा दायर शिकायत मामले में मजिस्ट्रेट अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी। मजिस्ट्रेट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ नोटिस के बावजूद पेश न होने पर मामले में समन जारी किया था। शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की उस याचिका पर आदेश पारित किया, जिसमें मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

केजरीवाल ने मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी थी। सेशन कोर्ट ने कहा, दिल्ली के सीएम इसके लिए मजिस्ट्रेट कोर्ट में ही अर्जी दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश होने के लिए केजरीवाल को 8 बार समन जारी किए गए थे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को समन जारी कर 16 मार्च को पेश होने को कहा था।

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए अदालत में नई शिकायत दर्ज कराई थी।

तीसरे स्थान पर पहुंचेगी देश विश्व अर्थव्यवस्था

2047: ग्लोबल इकोनॉमी का बाहुबली बनेगा भारत: सीतारमण

बेधड़क | नई दिल्ली

भारत तरक्की के रास्तों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक तरफ जहां दुनिया आर्थिक मंदी से जूझ रही है, वहीं इंडिया नया इतिहास रच रहा है। जमीन से लेकर आसमान तक हर तरफ इंडिया की जयजयकार हो रही है। पीएम मोदी का सपना है कि 2047 तक इंडिया को विकसित राष्ट्र का दर्जा मिल सके।

अब इसको लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा। भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं।

क्या कहते हैं आंकड़े?

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने इस संबंध में ताजा आंकड़े पेश कर दिए हैं। इनमें कहा गया है कि पूरे चालू वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 7।6 प्रतिशत रह सकती है। एनएसओ ने 2022-23 की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को भी संशोधित कर 7 प्रतिशत कर दिया है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 11।6 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन सेक्टर की वृद्धि दर 9।5 प्रतिशत रही है। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंस्ट्रक्शन सेक्टर की ग्रोथ 10।7 प्रतिशत और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की 8।5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

ऐसे होगा सपना पूरा

सीतारमण ने इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे।

वित्त मंत्री ने की अपील

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा कि आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है। जैसे, चीन में बिल्कुल भी लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हमारे यहां नागरिक स्वतंत्रता है, बोलने की आजादी है और हमारी मूल्य आधारित व्यवस्था है।

शाहजहां शेख के भाई सहित तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। वेस्ट बंगाल के संदेशखली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को हुए हमले में शामिल होने के आरोप में सीबीआई ने शनिवार को पूर्व टीएमसी नेता शाहजहां शेख के भाई सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शाहजहां के भाई शेख अलोमगीर, संदेशखाली में टीएमसी की छात्र शाखा के अध्यक्ष मफुजर मोल्ला और सिराजुल मोल्ला को रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर वेस्ट बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज तीन एफआईआर को अपने कब्जे में ले लिया।

गुलाबी नगरी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया अपने बारे में बड़ा खुलासा...

राजस्थान के सिसोदिया राजपूत हैं बॉलीवुड सिंगर बादशाह!

ओरिजन नाम आदित्य प्रतीक सिंह, मूवी से प्रेरित होकर बादशाह रखा

फोटो: पंकज शर्मा

बेधड़क.जयपुर। मेरे पूर्वज राजस्थान से हैं। मैं सिसोदिया हूं और राजस्थान का ही राजपूत हूं। यहीं से मेरे पूर्वज रहे हैं तो ऐसे में भाषा को लेकर कोई परेशानी आती थी, तो पापा सुधार देते थे। यह खुलासा था बॉलीवुड के टॉप सिंगर-कम्पोजर और रैपर बादशाह ने अपने बारे में किया, जो शनिवार को गुलाबी नगरी में थे। उन्होंने बताया कि वे भी राजस्थान की मिट्टी से जुड़े हैं। उनके साथ नीति मोहन, डिनो जेम्स और अली मर्चेंट भी थे।

सबसे ज्यादा लिसनर्स जयपुर से

बादशाह ने बताया कि मुंबई-दिल्ली के बाद मेरे सबसे ज्यादा सुनने और चाहने वाले जयपुर से हैं और यह बात मुझे भी आंकड़ों के आधार पर पता चली। मैं अभी ज्यादा नहीं बता सकता हूं, लेकिन राजस्थान और राजस्थानी को लेकर मेरे जीवन में बहुत कुछ चल रहा है। एक राजस्थानी गाना मेरे दिल के बहुत करीब है, जिसे अभी नहीं सुना सकता। अभी एक गाना डाकू आया है, जिसमें भी कम्पोजिशन राजस्थानी ही है।

करता हूं छोटे मोमेंट को सेलिब्रेट

बादशाह ने कहा कि लाइफ में सीखा है कि छोटे मोमेंट सेलिब्रेट करने वाले होते हैं। बड़े मोमेंट झट से निकल जाते हैं, जिनके लिए हम जिंदगी भर काम करते हैं। मैं भी छोटे-छोटे मोमेंट्स को खूब एंजॉय और सेलिब्रेट करता हूं।

अंबानी की शादी में परफॉर्म करने के लेता हूं पैसे

जब बादशाहर से पूछा गया कि क्या वे गेस्ट बनकर अंबानी की शादी में जाते हैं तो गाने के चार्ज करते हैं क्या? तो उन्होंने कहा कि मैं उनकी शादियों में जाता भी हूं और पैसे भी लेता हूं। वहीं, उन्होंने हनी सिंह के साथ काम करने की बात पर कहा कि यह एक अच्छा मौका होगा जब हम दोनों एक साथ काम करेंगे। हां, गाने में अपने ही गाउंगा। (हंसते हुए)

इंडस्ट्री के लिए रखा नया नाम

उन्होंने कहा कि उनका ओरिजन नाम आदित्य प्रतीक सिंह है। जब मैं इंडस्ट्री में अपना सैकंड नाम ढूंढ रहा था। उस समय शाहरुख सर की मूवी बादशाह आई थी। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं तो अपना सैकंड इंडस्ट्री वाला नाम बादशाह रख लिया।

निर्वाण लाडू किया समर्पित

बेधड़क. जयपुर। जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में भगवान के चरणों में दुखों की निर्वृत्ति के लिए अर्थात निर्वाण की भावना के साथ 8वें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभु के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि श्री चंद्रप्रभुजी का जन्म चन्द्रपुरी में इक्ष्वाकु कुल में हुआ था। पिता का नाम महासेन तथा माता का नाम लक्ष्मणा था। सुबह अभिषेक शांति धारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड वाचन कर भगवान के निर्वाण कल्याणक को लाडू पहले बेदी में तथा इसके बाद शिखर पर खड़गाशन प्रतिमा पर सोभाग मल अजमेरा आदि ने समर्पित किया।

बच्चों ने सजाया कला संसार

बेधड़क. जयपुर। उमंग स्कूल के विशेष स्टूडेंट्स की 4 दिवसीय पेंटिंग एग्जीबिशन का आगाज जेकेके में हुआ। इसमें बच्चों की बनाई 60 से अधिक पेंटिंग प्रदर्शित की गई है। उद्घाटन साउथ वेस्ट कमांड के आर्मी कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ (एवीएसएम) ने किया। आर्मी द्वारा विशेष बच्चों के लिए 32 आशा स्कूल स्थापित किए गए हैं, जिनमें लगभग 1700 छात्रों का दाखिला हुआ है। प्रदर्शित पेंटिंग्स वर्कशॉप के दौरान बनाई गई थीं। स्कूल डायरेक्टर दीपक कालरा ने स्वागत और अभिनंदन किया। पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल माधवेंद्र सिंह, कौमुदी सिंह व सुधीर माथुर उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने युवाओं को दिए टिप्स

बेधड़क. जयपुर। यंग एंटरप्रेन्योर को बिजनेस टिप्स चाहिए या फिर जरूरत है बिजनेस प्लेटफार्म की। बीएनआई बिज एक्सपो में यह बात एक्सपर्ट ने कही। उन्होंने बताया कि अभी तक तीन से चार हजार करोड़ का बिजनेस बटौर व्यापार जगत में एक माइल स्टोन स्थापित किया है। बीएनआई बिज एक्सपो के दूसरे एक तरफ एंटरप्रेन्योर की संख्या देखी गई तो नामी इंडस्ट्रीज ने भाग लिया। बीएनआई में अब तक सदस्यों की संख्या 1234 हो चुकी है, जो एक दूसरे से जुड़कर बिजनेस में सफलता हासिल कर रहे हैं।

City इवेंट्स

फाग रस में डूबे भक्तजन

बेधड़क. जयपुर। बदनपुरा स्थित मंदिर श्रीमुरली मनोहर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान मुरली मनोहरजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा -अर्चना की गई। महोत्सव में दूर-दूर से आए भक्त और संतों ने आनंद लिया। भक्तों ने फाग उत्सव में भजनों पर नृत्य किया और फूलों से होली खेलकर महोत्सव धूमधाम से मनाया। उत्सव में स्वामीनारायण आचार्य, नरसिंह मंदिर त्रिविक्रम, आचार्य लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुदर्शनाचार्य, घाट के बालाजी अवधेशाचार्य महाराज गलता पीठ से संत भी पधारे।

बहाई समुदाय मनाएगा नौरोज पर्व

बेधड़क. जयपुर। बहाई धर्म का पवित्र माह आला (उच्चता) जारी है। जयपुर के धर्मावलंबियों सहित देश के बहाई उपवास रत हैं। जयपुर के बहाइयों की स्थानीय आध्यात्मिक सभा के सचिव अनुज अनंत ने बताया कि सैकड़ों लोग उपवास धारण किए अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। उपवास के बाद 20 मार्च को बापू नगर स्थित बहाई हाऊस में नववर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारत वर्ष में बहाई समुदाय का एक प्रतीक 'कमल मंदिर' (लोटस टेम्पल, नई दिल्ली) में है।

पुरातन संस्कृति को किया उजागर

बेधड़क. जयपुर। नेट थिएट में नाद संस्था द्वारा रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा निर्देशित नाटक सोने की चिड़िया का मंचन किया गया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि नाटक में भारत की पुरातन संस्कृति का बखान करते हुए सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डाला। साथ ही नाटक से भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को दर्शाया। नाटक से वसुधैव कुटंबकम का संदेश दिया गया। रंगकर्मी मनोज स्वामी और रेणू सनाढ्य ने सशक्त अभिनय से भारतीय संस्कृति को दर्शाया।

चार दिवसीय रंग उत्सव का समापन

कृष्ण-राधा रासलीला छोटी काशी के मंच पर हुई जीवंत

बेधड़क | जयपुर

वृन्दावन की कृष्ण-राधा रास का जयपुर में मंच पर जीवंत प्रदर्शन किया गया। मौका था रविंद्र मंच पर रंग उत्सव के समापन का।

क्लोजिंग सेरेमनी में ट्रेडिशनल आर्टिस्ट रतन लाल कुमावत ने पिछवाई आर्ट पर भगवान श्रीनाथजी को कैनवास पर उकेरा। नेशनल अवॉर्डी आर्टिस्ट विजय वर्मा और भंवरलाल ने कांगड़ा शैली में नायका को कैनवास पर सजाया। हरिशंकर बालोठिया ने कैलीग्राफी के माध्यम से तथा लखमनी ने कमलतलाई पर आर्टवर्क प्रदर्शित किया। यूनुस खिमानी ने इंसान के डरों को पेंट किया। राम खिलाडी ने एब्स्ट्रेक्ट अर्बन ग्रीक को प्रदर्शित किया, अमित कल्ला ने एब्स्ट्रेक्ट विजुअल पोएट्री को शोकेस किया। मनोज दरेकर, स्मृति जोशी, तरन्नुम सिद्दीकी, पूजा सोनी, रवि ठाकुर, श्रीकांत रंगा ने अपनी-अपनी कलाकृतियों से दर्शकों को आकर्षित किया। साथ ही सकल्पचर आर्टिस्ट मेघना दास, जीतेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, वरुण कुमार, एलएन नागा ने कला की जानकारी दी। मिनी-ऑडिटोरियम में राम सहाय द्वारा निर्देशित नाटक चेहरे का मंचन किया गया। डॉ. रेखा ठाकर के नृत्य निर्देशन में जयपुर कत्थक केंद्र के छात्राओं द्वारा मन-मोहक प्रस्तुति दी गई।

होली हुड़दंग-02 का हुआ आयोजन

महिलाओं ने खुद को फूलों से सजाया, फिर खेली होली

बेधड़क | जयपुर

महिलाओं ने एक-दूसरे को फूलों से सजाया और फिर उन्हीं फूलों से होली खेली। दूसरी ओर कलाकारों ने चंग से ऐसा माहौल बनाया, जो उत्सव की खुशी को दोगुना कर गया। ये अनूठा आयोजन था तिलक नगर में होली उत्सव का, जिसमें अमृता वी आहूजा ने होली फाग त्यौहार मनाने के लिए होली हुड़दंग-02 किया। इस दौरान 80 से ज्यादा सदस्यों का हर्बल रंग टीका, गुलाब जल व गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। कान्हा जी को याद कर चांग थाल पर फाग गीत गाए गए तो आरती कर लठमार होली का खेल रच नंदगांव से बरसाना तक कलर बम व अनार से रंगा गया।

फूलों की होली संग रसिया व फिल्मी गीत पर नृत्य कर हंसी ठिठोली करते हुए लेडीज ने रंग जमाया। विशेष रूप से तैयार होकर आए स्पेशल अट्रैक्शन प्रोफेशनल आर्टिस्ट कृष्ण व राधा संग सभी ने रंग जमाया। होली थीम गेम्स खेले गए तो सरप्राइज गिफ्ट्स से लेडीज को मोटिवेट किया गया। लेडीज के साथ उनके बच्चों ने भी उत्सवी रंग में ताल छेड़ी और डांस मस्ती करते हुए एक-दूसरे को होली की विशेज दीं। सभी ने सेल्फी और ग्रुप फोटोग्राफी को एंजॉय किया और बॉलीवुड हिट्स के साथ होली के लोक गीतों पर फूल बरसाए।

कवि सम्मेलन | बिड़ला सभागार में देश के नामी कवियों ने सुनाई रचनाएं

अयोध्या नहीं, राम को घट-घट तक पहुंचाया है...

बेधड़क | जयपुर

'जहां तेरा वजूद किस्तों में बिकता है, बावला है जो कविता लिखता है। गरीबी के लिए बिक, बेकारी के लिए बिक, महंगाई के लिए बिक, अगर बच जाय जिन्दा तो कविता लिख।

ये मंदिर नहीं जागरण देश का है, ये मंदिर नहीं व्याकरण देश का है, सदी पांच का है ये संघर्ष अपनाए, ये सच में ही अंतकरण देश का है।। जैसी कविताओं ने सुनने वालों के सीधे दिल में जगह बनाई और वे रोमांचित, उत्सुक और भावुक नजर आए। जैसे-जैसे शाम बढ़ती गई कविताएं भी जवान होती चली गईं। ये अनूठा नजारा था शहर के बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 'काव्यम की काव्य धारा'का।

अच्छी रचनाओं ने बटोरी तालियां

मंच पर रायपुर के हास्य व्यंग्य शैली के कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, दिल्ली से राजेश चेतन, दिल्ली के ही राजेश अग्रवाल, नवलगढ़ के हरीश हिन्दुस्तानी, भीलवाड़ा से वीर रस के कवि योगेन्द्र शर्मा और दिल्ली की श्रृंगार रस, गीत गजल की कवि पद्मिनी शर्मा मौजूद रहे। सभागार में मौजूद संस्था के 56 सदस्य, उनके परिजन और बड़ी संख्या में शहर के काव्य प्रेमी हर बेहतरीन रचना पर तालियों के बौछार से कवियों का अभिनंदन कर रहे थे।

तंज ने किया सोचने पर मजबूर

कवियों की रचनाओं में बेकारी, महंगाई, नारी अपमान की घटनाओं पर तंज ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। भीलवाड़ा के योगेन्द्र शर्मा ने अयोध्या नहीं, राम को घट-घट तक पहुंचाया है... सुनाई तो दिल्ली के पद्मिनी शर्मा ने मंदिर तो धूमधाम से बना लिया अब तो, कलयुग के रावणों से अपनी सीता बचा लो... सुनाया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 17 मार्च, 2024

10

मनुष्य अधिक चतुर बनकर अपने को अभागा बना लेता है, और भगवान की दया से वंचित हो जाता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

भूख-प्यास से हुई मौत, इटली के तटरक्षक बलों ने 25 लोगों को बचाया

लीबिया से भूमध्य सागर पार कर रहे 60 प्रवासी डूबे!

एजेंसी | रोम

लीबिया से प्रवासियों को मध्य भूमध्य सागर के रास्ते इटली अथवा माल्टा ले जा रहे जहाज से 60 लोगों के डूबने की आशंका है। बचाव कर्मियों ने बताया कि बुधवार को इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से 25 लोगों को बचा लिया और दो को बेहोशी की हालत में हेलीकॉप्टर से सिसली ले जाया गया। बचावकर्मियों ने बताया कि ये लोग सात दिन पहले जाविया, लीबिया से चले थे। तीन दिन बाद उनके जहाज का इंजन खराब हो गया और उनका जहाज कई दिन तक भोजन व पानी के बिना समुद्र में भटकता रहा और रास्ते में ही महिलाओं व एक बच्चे समेत कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। मध्य भूमध्य सागर दुनिया के सबसे खतरनाक प्रवास मार्गों में से एक है। एक्स पर एक पोस्ट में, एसओएस मेडिटरेनी ने कहा कि उसके महासागर वाइकिंग जहाज ने दूरबीन का उपयोग करके 25 लोगों को निकाला था, जो लीबिया के खोज और बचाव क्षेत्र में बहती रबर नाव पर थे। अभियान में लकड़ी की नाव से दो बच्चों सहित 113 और रबर की नाव से 88 लोगों को निकाला।

अब तक सैकड़ों की हो चुकी है मौत

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी (IOM) ने बताया कि गत वर्ष इस मार्ग का उपयोग करने वाले तकरीबन 2500 प्रवासियों की मौत हो गई अथवा लापता हो गए। 2024 की शुरुआत से अब तक 226 की मौत हो चुकी है। आईओएम ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि समुद्री गश्त को मजबूत करने और दुखद घटनाओं को रोकने की जरूरत है।

बचाव में बाधा डाल रही इटली सरकार

एसओएस मेडिटरेनी और अन्य चैरिटी समूहों की शिकायत है कि इटली की दक्षिणपंथी सरकार उनकी बचाव गतिविधियों में बाधा डाल रही है, जिससे उन्हें प्रवासियों को उतारने के लिए दूर के बंदरगाहों की यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और अक्सर अस्थाई रूप से उनके जहाजों को जब्त कर लिया जाता है। इटली और अन्य यूरोपीय संघ सरकारें उत्तरी अफ्रीका से आने वाले समुद्री प्रवासियों की संख्या पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रही हैं, और उन्होंने लीबिया और ट्यूनीशिया को अपने तटों से प्रस्थान रोकने के लिए धन या उपकरण की पेशकश की है। गौरतलब है कि इस साल अब तक 5,968 प्रवासी समुद्र के रास्ते आए हैं।

प्रिंस विलियम 'फिसले', लापता हैं केट!

रॉयल फैमिली पर फिर 'अफेयर' की छाया!

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन की रॉयल फैमिली के राजकुमार प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन इन दिनों काफी सुर्खियों में है। दरअसल, पहले केट मिडलटन अपनी बीमारी के कारण चर्चा में थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि उनके पति प्रिंस विलियम का किसी और के साथ अफेयर चल रहा है।

गौरतलब है कि हाल ही में केट की एक तस्वीर वायरल हो रही थी, जिसमें उन्हें लापता बताया जा रहा था, हालांकि बाद में बताया गया कि वह फोटो एडिट की गई थी। इसी बीच, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की खबर को लेकर बात उठने लगी है कि प्रिंस के अफेयर के कारण ही केट शाही परिवार के साथ नजर नहीं आ रही है।

सुर्खियों में रहने वाले प्रिंस विलियम का अफेयर लेडी सारा रोज हैनबरी के साथ बताया जा रहा है। हैनबरी का शाही परिवार से काफी करीबी रिश्ता है, क्योंकि वह प्रिंस विलियम की पत्नी केट की सबसे अच्छी दोस्तों में से एक है। लेडी सारा रोज हैनबरी डेविड चोलमोंडेली की पत्नी हैं, जो चोलमोंडेली के 7वें मार्क्वेस है। ऐसा पहली बार नहीं है जब प्रिंस और हैनबरी के अफेयर की खबर सामने आई है। साल 2019 में भी इन दोनों की अफेयर की खबर सुर्खियों में थी। उस दौरान बताया गया था कि प्रिंस विलियम ने हैनबरी के साथ अपना वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया था।

शाही परिवार ने केट को लेकर दिया बयान

केट मिडलटन के सार्वजनिक न होने पर लगातार उड़ने वाली अफवाहों के बीच केंसिंग्टन पैलेस ने एक बयान जारी किया है, जिसमें बताया है कि केट पेट की सर्जरी से उबर रही हैं, इसलिए वह अभी बाहर नहीं निकल रही हैं। केट मिडलटन और प्रिंस विलियम की शादी 2011 में हुई थी। इनके तीन बच्चे- प्रिंस जॉर्ज, प्रिंसेस चार्लोट और प्रिंस लुइस हैं।

केट की परिवार के साथ तस्वीर वायरल

पिछले साल, हैनबरी ने किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में भाग लिया था, लेकिन केट के साथ उनकी कोई तस्वीर सामने नहीं आई थी, जिससे खबरों को और तेजी मिल गई थी। इसके बाद बीच में प्रिंस विलियम और उनके तीनों बच्चों के साथ केट की तस्वीर सामने आई थी, लेकिन उसे एडिट फोटो बताया जा रहा था। उस तस्वीर में केट ने शादी की अंगूठी नहीं पहनी थी।

चुनाव में समर्थन नहीं करेंगे माइक पेंस

डोनाल्ड ट्रंप को लगा बड़ा झटका

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे। पेंस ने शुक्रवार को एक न्यूज चैनल से कहा, "इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा।"

रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं। पेंस को ट्रंप के सबसे वफादार लोगों में से एक माना जाता है। लेकिन 2020 के चुनाव में पराजित होने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए ट्रंप की असंवैधानिक योजना में साथ देने से उन्होंने इनकार कर दिया था।

लैंडिंग के बाद हुआ खुलासा

हवा में गायब हुआ बोइंग का पैनल

एजेंसी | ओरेगन (अमेरिका)

बोइंग फ्लाइट की घटनाओं का सिलसिला जारी है। हाल ही में 737-800 का केबिन पैनल उड़ान के बीच में अचानक गायब हो गया। दरअसल, बीते शुक्रवार को सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिका के ओरेगन के इंटरनेशनल मेडफोर्ड हवाई अड्डे पर पहुंची बोइंग 737-800 एयरक्राफ्ट में एक हैरान करने वाली गड़बड़ी सामने आई है।

उड़ान के दौरान ही प्लाइट के केबिन का बाहरी पैनल फिसल गया था। इस बात का पता तब चला, जब फ्लाइट अपने गंतव्य पर सुरक्षित उतर गई। यूनाइटेड एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान बोइंग 737-800, ओरेगॉन में रॉग वैली इंटरनेशनल मेडफोर्ड हवाई अड्डे पर अपने निर्धारित गंतव्य पर सुरक्षित रूप से उतरा और एक गेट पर खड़ा होने के बाद देखा गया कि उसका एक पैनल गायब है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पैनल कब और कैसे गायब हुआ।

फ्लाइट को नहीं हुआ नुकसान

एयरलाइन के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान को किसी भी तरह के नुकसान का कोई संकेत नहीं मिला और विमान ने मेडफोर्ड हवाई अड्डे के रास्ते में आपातकाल की घोषणा नहीं की। एयरलाइन ने कहा है कि हम विमान की गहन जांच करेंगे और सेवा में लौटने से पहले सभी आवश्यक मरम्मत करेंगे। साथ ही, इस बात की जांच भी करेंगे कि यह क्षति कैसे हुई।

हादसे के दौरान 145 लोग थे सवार

यूनाइटेड एयरलाइंस की जानकारी के मुताबिक, विमान में 139 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान की जानकारी ट्रैक करने वाली वेबसाइट Airfleets.net के अनुसार, यह विमान पिछले 25 सालों से सर्विस में है और यह 737 विमान की पिछली जनरेशन की फ्लाइट है। मेडफोर्ड हवाई अड्डे के निदेशक एम्बर जुड ने कहा कि हवाई अड्डे पर रनवे का निरीक्षण करने के लिए कुछ देर के लिए अन्य फ्लाइटों का परिचालन रोक दिया गया था और हवाई क्षेत्र पर कोई मलबा नहीं पाए जाने के बाद उड़ानें फिर से शुरू कर दी गईं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl